हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए


www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–203 : जौनपुर, बुधवार 17 नवंबर 2021 | साान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) | पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पीईटी में 50 फीसदी अंक तो एडेड स्कूलों में कर सकेंगे आवेदन : यूपी कैबिनेट

लखनऊ ब्यूरो : अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) में 50 फीसदी अंक हासिल करने वाले अभ्यर्थी माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहायता प्राप्त विद्यालयों में लिपिक भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगे। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को इन एडेड स्कूलों में लिपिक भर्ती की प्रक्रिया को बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने लिपिक भर्ती के लिए विद्यालय स्तर पर प्रबंधक की अध्यक्षता में चयन समिति गठित की जाएगी। समिति में जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि, सेवायोजन विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी शामिल होंगे। लिपिक भर्ती के लिए राजकीय पॉलीटेकिभनक कॉलेज में टंकण परीक्षा आयोजित की जाएगी। केवल पात्रता की इस परीक्षा में एक पद के सापेक्ष 10 अभ्यर्थी आमंत्रित किए जाएंगे। इसके बाद साक्षात्कार में एक पद के मुकाबले तीन अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा। पीईटी और साक्षात्कार के अंक जोड़कर मेरिट जारी की जाएगी। टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण के लिए बिड दस्तावेज को मंजूरी। प्रदेश के युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण के लिए तैयार बिड दस्तावेज को मंगलवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई है। टैबलेट और स्मार्टफोन की आपूर्ति, वितरण और अनुश्रवण की व्यवस्था सुनिश्चित करने और इसके संचालन के लिए यूपीडेस्को को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। सफल निविदा दाताओं के चयन और क्रय आदेश के अनुमोदन के लिए मुख्यमंत्री अधिकृत होंगे। अब आयोग से होगी आयुष विभाग के अस्पतालों में नर्सों की भर्ती। प्रदेश में आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग के अस्पतालों में नर्सों की भर्ती अब राज्य लोक सेवा आयोग से की जाएगी। इसके लिए बनी सेवा नियमावली को मंगलवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई है। आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग के अस्पतालों में नर्सिंग काडर में भर्ती अभी तक निदेशालय से होती थी। इसकी जिम्मेदारी वहां के प्रधानाचार्य और निदेशक को दी गई थी, लेकिन आयुष मिशन बनने के बाद भर्ती प्रक्रिया में बदलाव किया गया। इसके लिए उत्तर प्रदेश आयुष विभाग (आयुर्वेद) नर्सिंग सेवा नियमावली 2021 और उत्तर प्रदेश आयुष विभाग (यूनानी) नर्सिंग सेवा नियमावली 2021 बनाई गई है। इसमें एलोपैथ की तरह ही दोनों विभागों के अस्पतालों में नर्सिंग




कैडर की भर्ती राज्य लोक सेवा आयोग से कराने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे मंजूरी दे दी गई। बिजली कंपनियों को अतिरिक्त ऋण जुटाने का रास्ता साफ। प्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियों को अतिरिक्त ऋण जुटाने का रास्ता साफ हो गया है। बिजली कंपनियां प्रदेश की एसजीडीपी का 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त ऋण ले सकेंगी। विद्युत वितरण कंपनियों की परफार्मेंस आधारित अतिरिक्त ऋण लेने की मंजूरी संबंधी प्रस्ताव को मंगलवार को कैबिनेट बाई सर्कु लेशन मंजूरी दे दी गई। केंद्र की मदद से सचल पशु चिकित्सा इकाई के संचालन का रास्ता साफ। प्रदेश सरकार ने घर–घर जाकर पशुओं के इलाज के लिए सचल पशु चिकित्सा इकाई (मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट) के संचालन संबंधी प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी है। इससे वाहनों की खरीद, मैनपावर की व्यवस्था कर सचल पशु चिकित्सा वाहनों का संचालन शुरू किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजनांतर्गत पशु चिकित्सालयों व पशु सेवा केंद्रों की सुदृढ़ीकरण का कार्यक्रम तैयार किया है। इसके तहत एक लाख पशुओं पर एक सचल पशु चिकित्सा इकाई के संचालन का प्रस्ताव है। केंद्र सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश को करीब 520 सचल पशु चिकित्सा इकाई के संचालन के लिए वित्तीय सहायता देने का एलान किया है। बताया गया है कि योजना अंतर्गत वाहन खरीदने के लिए शत प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी। वाहन संचालन में प्रयोग के लिए आवश्यक पेट्रोल, वाहन चालक, पशु चिकित्सक व पैरावेट की व्यवस्था पर आने वाले खर्च का 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र व 40 प्रतिशत राज्य सरकार वहन करेंगे। मैनपावर की व्यवस्था आउटसोर्सिंग के जरिए होगी। पशुपालन विभाग ने वाहनों के क्रय व इकाई के संचालन संबंधी प्रस्ताव कैबिनेट की सहमति के लिए भेजा था, जिसे मंजूरी दे दी गई है। गृह विभाग के दो प्रस्तावों को मंजूरी। गृह विभाग के दो प्रस्तावों को मंगलवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी गई। इसमें उत्तर प्रदेश लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली में चौथे संशोधन के प्रस्ताव तथा पुलिस विभाग के पूर्व निर्मित भवनों को कंडम घोषित कर ध्वस्त कराए जाने की मंजूरी दी गई है। प्रयागराज में बनेगा भजन संध्या स्थल। प्रयागराज में भजन संध्या स्थल की स्थापना कराई जाएगी। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को प्रयागराज में भजन संध्या स्थल स्थापित कराने का प्रस्ताव बाई सर्कुलेशन मंजूर किया है।

## मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर ने वैक्सिनेशन को लेकर ब्लॉक पर किया बैठक : दिये निर्देश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर अनुपम शुक्ल की अध्यक्षता में वैक्सिनेशन को लेकर ब्लॉक मुफ्तीगंज हाल में एक आवश्यक बैठक की गई। जिसमे ग्राम प्रधान , आंगन बाड़ी ,आशा एवम ब्लॉक के कर्म चारी गण मौजूद रहे । मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ल ने ग्राम प्रधानो को मतदाता सूची लेकर घर घर वैक्सिनेशन की जांच करेंगे ।जिनको अभी तक पहला डोज भी नही लगा है उन्हें ग्राम प्रधान ,आशा ,एवम आंगन वाड़ी कार्यकर्ती सहयोग कर 30 नवमंबर तक उसे पूरा कराए। वही डीडीओ बी बी सिंह ने कहा कि सभी ग्राम पंचायते वैक्सिनेशन कराए क्यो की कोरोना अभी खत्म नही हुआ है । आये हुए सभी अधिकारियों ने वैक्सिनेशन पर जोर दिया जौनपुर में अभी तक 10 लाख लोगों को नही लगा है । जिस भी गांव में कार्य 100 प्रतिशत हॉगा उसे जिलाधिकारी महोदय सम्मानित करेगे इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह , डीपी आरओ सन्तोष कुमार सिंह , जिला पूर्ति अधिकारी



सन्तोष विक्रम. शाही आदि लोगो ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी रवि कुमार सिंह ,पूर्ति निरीक्षक पद्माकर तिवारी , सूबेदार यादव कमलेश यादव ,शिवशंकर राय , राजेन्द्र प्रसाद , जयप्रकाश यादव ,चुनमुन राय ,विपिन राय अनूप दीक्षित ,आलोक मिश्र ,रवि शंकर , आदि लोगो की उपस्थिति देखी गई।

## प्रत्येक बुधवार पुलिस अधिकारी आपके द्वार" एसएसपी ने चिलुवाताल थाने पर लगाया चौपाल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा जनपद के समस्त थानो की कार्यप्रणाली सुधारने जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण अपराध नियंत्रण कम्यूनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने हेतु समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के द्वारा प्रत्येक बुधवार को जिले के चिन्हित थानो पर पूर्व निर्धारित रोस्टर के अनुसार थानों पर आकर फरियादियों की समस्याओं से रूबरू होकर उनके समस्याओं का समाधान करेंगे एसएसपी स्वयं चिलुवाताल थाने पर रहकर आए हुए फरियादियों की समस्याओं का समाधान किया अन्य 16 थानों पर अन्य राजपत्रित अधिकारियों के द्वारा दिन में 11 बजे से पुलिस चौपाल" लगाकर जनता की समस्याओं को सुना गया ।थाने पर चौकीदारो व पुलिस कर्मियो से सीधा संवाद किया तथा थानाक्षेत्र का भ्रमण कर थाने की कार्यप्रणाली को और भी बेहतर बनाने




की दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये । चिलुवाताल थाना के सीसीटीएनएस कार्यालय, थाने का रजिस्टर, थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क, मेस इत्यादि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा थाना क्षेत्र के चौकीदारो व (बीट पुलिस आफिसर) के साथ मीटिंग कर आवश्यक निर्देश दिए। थाना प्रभारी विनोद अग्निहोत्री एसएसआई अंजनी कुमार यादव उप निरीक्षक चन्द्र भान उप निरीक्षक दीपक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## 16 से 30 नवंबर तक किसान मोर्चा निकालेगा ट्रेक्टर रैली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर 17 नवम्बर से 30 नवम्बर तक विशाल किसान ट्रैक्टर रैली निकालेगा । इसका शुभारम्भ 17 नवम्बर को पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपद मऊ से किया जाएगा । उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में विभिन्न तिथियों को यह किसान ट्रैक्टर रैली निकलेगी जिसका शुभारम्भ जनपद मऊ से प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष कामेश्वर सिंह जी करेगे टैक्टर किसानों के उन्नत प्रगति तथा उत्थान का प्रतीक है । ट्रैक्टर रैली के माध्यम से किसानों को यह संदेश देंगे कि देश की आजादी के बाद नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार तथा योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार ने किसानों के हित में जितने निर्णय लिए है उतने अभी तक किसी सरकार ने नहीं लिए है चार वर्षों में गन्ना मूल्य का रिकार्ड भुगतान , बंद चीनी मिलों को चलाना तथा नयी चीनी मिलों को लगाकर योगी जी ने ऐतिहासिक कार्य किया है । 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रथम कैबिनेट की बैठक में ही योगी जी ने लगभग 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ का कृषि ऋण माफ किया साथ ही साथ बिजली का सरचार्ज भी माफ किया । योगी आदित्यनाथ जी ने डार्कजोन में बंद बिजली के कनेक्शन को पुनः ट्यूबेल हेतु खोलकर लाखों किसानों के हित में बहुत बडा निर्णय लिया है. चार वर्ष में योगी सरकार ने तीन नयी चीनी मिलें लगाई , 14 नए डिस्टलरी खोले तथा 20 चीनी मिलों का क्षमता वृद्धि तथा आधुनिकरण किया । चार वर्ष में ही सरकार के प्रयास के कारण गन्ने की खेती का क्षेत्रफल 20 लाख हेक्टेयर से बड़कर 28 लाख हेक्टेएयर हो गया ।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कृषक दुर्घटना बीमा योजना के कारण किसानों के परिवारों को बहुत सहायता मिल रही है। उक्त बातें किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र उपाधयाय ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही है। उत्तर प्रदेश में किसानों के खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता की जांच हेतु चार करोड़ किसानों को मृदा हेल्थ कार्ड जारी किया गया है । जिसका प्रयोग करके किसानों ने अपने उत्पादन क्षमता में पांच से छह प्रतिशत वृद्धि की है । उत्तर प्रदेश में एग्रीकल्चर इन्फाट्रक्चर फंड योजना के अन्तर्गत गोदामों व गोल्ड स्टोरेज का जाल बिछाया जा रहा है । जिससे उसको उपज का वाजिब दाम मिलेगा और यह किसानों की उपज के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करेगी 220 नयी मंडी स्थल निर्मित किये गए है । 27 मंडियों का आधुनिकरण किया गया तथा 27 मंडियों में कोल्ड चौम्बर राईपनिंग चौम्बर का निर्माण किया गया है । 20 नए कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थाना की गई है । द मिलियन फार्मर्स स्कूल में 55 लाख से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है तथा किसानों को उच्च गुणवत्ता के फल एवं सब्जी की पौध उपलब्ध कराने के लिए हापुड़ , मऊ , बहराइच , अलीगढ़ , फतेहपुर , रामपुर व अम्बेडकर नगर में साम मिनी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया गया है । भारत सरकार के अखिल भारतीय मार्केटिंग पोर्टल ई – नाम पर उत्तर प्रदेश भी है तथा 291 वर्चुअल मंडियों के माध्यम से प्रदेश के 87 लाख किसान व 34 हजार व्यवसायी जुड़कर व्यापार कर रहे है । 45 प्रकार के कृषि उत्पादन मंडी शुल्क से मुक्त कर दिये गए है तथा मंडी शुल्क भी 1.5 प्रतिशत घटाया गया है ।किसानों को कृषि यंत्रों पर मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है तथा एफ.पी. ओ पंजीकृत किसान समिति ६ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह को कृषि मशीनरी बैंक स्थापित करने के लिए मंत्रों पर 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कृषि एवं किसानों के लिए पिछले 7 सालों में जितने काम हुए है उतने आजादी के 70 सालों में भी नहीं हुए । फसल बीमा योजना में सुधार , . एम.एस.पी को डेढ़ गुना करना , छोटे किसानों के लिए किसान क्रेडिटकार्ड की व्यवस्था . विश्वभर में महंगी हुई डी.ए.पी. एवं यूरिया को खुद से सब्सिडी बड़ाकर किसानों पुराने दामों पर ही देने का सराहनीय कार्य किया है । सोलर पावर से जुड़ी योजानएं , हर खेत तक पानी पहुंचाने की पहल , एफ.पी.ओ.एस का गठन , इन सब प्रयासों से किसान की आय दुगनी करने में सार्थक पहल हुई है। देश के 70 से ज्यादा रेल रूटों पर किसान रेल चल रही है । किसान सम्मान निधि के तहत 9 किस्तों में 1. 53 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि सीधे किसानों के अंकाउंट में पहुंचायी जा चुकी है । पशु एम्बुलेंस को पशु पालक के द्वारा पहुंचाने हेतु मोदी सरकार द्वारा 53 हजार करोड़ रूपये का प्रोजेक्ट जारी किया गया है । किसानों के लिए समर्पित भाव से काम करने वाले हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अथक प्रयासों के लिए भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश आभार प्रकट करता है।

## बीमारी के रोकथाम हेतु फागिंग, लार्वीसाइडल स्प्रे नियमित रूप से कराया जा रहा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला मलेरिया अधिकारी ने अवगत कराया है कि वर्तमान समय मच्छरजनित बीमारियों यथा डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, जे0ई0 इत्यादि एवं जलजनित बीमारियों जैसे गैस्ट्रो, पीलिया, टाइफाइड, स्क्रब टाइफस के संचरण का अनुकूल वातावरणीय समय है। बीमारी के प्रसार से पूर्व अवश्यक है कि उससे सम्बन्धित गतिविधियॉ सम्पन्न करायी जा रही है। उन्होंने अवगत कराया है कि बीमारी को सीमित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। डेंगू नियन्त्रण हेतु तैयारी/कार्यवाही की जा रही है जनपद जौनपुर में रोगों का विवरण– डेंगू 154, मलेरिया 10, स्क्रब टाइफस 08, फाइलेरिया 02 है। उन्होंने बताया कि अबतक कुल 310 डेंगू संभावित रोगियों (एनएस1 प्लस वीई) का सैम्पल डेंगू की पुष्टि हेतु बी0एच0यू0 भेजा जा चुका है, जिसमें से 299 सैम्पल का परिणाम प्राप्त हो गया है। जनपद में अबतक कुल 154 डेंगू के पुष्ट रोगी चिन्हित हुए हैं। बीमारी के रोकथाम हेतु ग्रामीण स्तर पर पंचायतीराज विभाग द्वारा एवं नगरीय क्षेत्र में नगरपालिकाओं के माध्यम से फागिंग, लार्वीसाइडल स्प्रे नियमित रूप से कराया जा रहा है। जौनपुर अर्बन क्षेत्र में कुल 10 डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स के माध्यम से मच्छरों के प्रजनन स्रोतों का विनष्टीकरण कराया जा रहा है।

## मतदाता पंजीकरण हेतु जागरूकता रैली 18 को

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता पंजीकरण हेतु 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु व निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता रैली दिनांक 18 नवम्बर को समय प्रातः 8 बजे, स्थान बी आर पी इन्टर कालेज से शुरू हो कर ओलंदगंज, शाही पुल, कोतवाली चौराहा होते हुए नगर पालिका परिषद प्रांगण तक जायेंगी। रैली को जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा हरि झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा किया गया यातायात कंट्रोल रूम का निरीक्षण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित किए जाने के क्रम में यातायात कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बेतियाहाता चौराहे पर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित नही हो रही है, तथा ड्यूटी पर तैनात उ0नि0 रामदरश यादव को ड्यूटी पर सतर्क नही पाया गया जिससे चौराहे पर जाम की स्थित पायी गयी । लापरवाही बरतने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा उ0नि0 रामदरश यादव को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करते हुए अर्दली रुम तथा 01 दिवस वेतन कटौती हेतु आदेशित किया गया । तथा एडीजी महोदय तिराहे पर ड्यूटी मे तैनात आरक्षी बृजेश कुमार यादव को आईटीएमएस से चेक किया गया तो अनुपस्थित पाये गये जिसके सम्बन्ध मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा उक्त आरक्षी की रपट गैरहाजिरी अंकित कराई गयी तथा अर्दली रुम व 01 दिवस वेतन कटौती हेतु आदेशित किया गया।

## समूह गायन प्रतियोगिता में बलवंत सिंह ग्रुप रहा अव्वल

आर एल पाण्डेय लखनऊ। जय नारायण मिश्र महाविद्यालय (केकेसी) में आयोजित दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता दिव्यांकुर 2021 का समापन मंगलवार को हुआ। 35 कालेजों के विद्यार्थियों के बीच हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में केकेसी ने ओवरआल ट्राफी जीत ली। मुख्य अतिथि रंगकर्मी एवं अभिनेता डा. अनिल रस्तोगी ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने जीवन के संस्मरण भी साझा किए ।कार्यक्रम



में प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीएन मिश्र, प्राचार्या डा. मीता साह भी मौजूद रहीं। वाद–विवाद प्रतियोगिता संयुक्ता सिंह प्रथम, अक्षय दूसरे व नैंसी तीसरे स्थान पर रहीं। दिव्यांकुर–2021 में विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र से किया गया सम्मानित सौजन्यः कालेज पोस्टर मेकिंग में प्रीति चौधरी प्रथम, आस्था सक्सेना दूसरे और मानसी यादव को तीसरा स्थान मिला। समूह गायन प्रतियोगिता में प्रीति ग्रुप प्रथम बलवंत सिंह ग्रुप दूसरे और सुनिधि श्रीवास्तव ग्रुप तीसरे स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में अविनाश कुमार व गुलफाम प्रथम, वसुंधरा सिंह व सरदार सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया। कोलाज मेकिंग में वॉशका वर्मा, कहानी लेखन में शगुन मिश्रा स्वरचित काव्य प्रतियोगिता में विपिन सिंह, लोक नृत्य प्रतियोगिता में श्रद्धा तिवारी ग्रुप, नुक्कड़ नाटक में आयुष यादव द्रुप प्रथम रहा। फोक कव्वाली प्रतियोगिता मैं सेकंड स्थान एवं शास्त्रीय संगीत में बलवंत सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया इसके अलावा अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

## चुनावी पाठशाला में वोटर बनने हेतु किया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार मतदाता बनाने व निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चल रहा है। इसी के अन्तर्गत विकास खण्ड मड़ियाहूं में खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में ब्लाक के सभी 149 परिषदीय विद्यालयों पर चुनावी पाठशाला आयोजित हुई। जिसके माध्यम से लोगों को वोटर बनने हेतु जागरूक व प्रेरित करते हुए निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के लिए जागरुक किया गया। जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ सकें। इस अवसर पर बी आर सी मड़ियाहूं पर चुनावी पाठशाला में खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार यादव ने उपस्थित अभिभावकों व अन्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। और मतदान करने के लिए मतदाता सूची में पंजीकरण जरुरी है। इसलिए प्रत्येक युवा को चाहिए जिनकी आयु 18 वर्ष से ऊपर है, वो अपना व परिवार के लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराये। 30 नवम्बर तक वोटर बनने का अभियान चलेगा इस बीच अपने बी एल ओ से सम्पर्क करें। या एन वी एस पी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर वोटर बनने हेतु आन लाइन आवेदन कर सकते हैं तथा ऐप से निर्वाचन से सम्बंधित अन्य जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को भी प्रेरित किया कि वे अपने परिवार के लोगों को मतदाता बनने के लिए निरन्तर प्रेरित करते रहे। और सभी अध्यापकों को भी निर्देशित किया कि बच्चों व अभिभावकों को चुनाव संबंधी जानकारी अच्छे ढंग से अवगत कराएं। कोई मतदाता छूटे न। चुनावी पाठशाला आयोजित करने में सभी ए आर पी, नोडल संकुल, सभी शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक का सराहनीय योगदान रहा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

*अपनीं निंदा को धैर्य से सुनना चाहिये, यह साबुन का काम करती है–*

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# अंतिम सांसें गिन रहा माओवादी आंदोलन

महाराष्ट्र पुलिस के सी–60 दस्ते को शनिवार की शाम एक बड़ी कामयाबी मिली, जिसमें उसने छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे गढ़चिरौली में दो–तीन शीर्ष कमांडरों सहित 26 नक्सलियों को मार गिराया। यह जवाबी कार्रवाई पिछले बुधवार को 15 पुलिस कमांडों की शहादत के बाद की गई थी। इस ऑपरेशन में शामिल सभी जवान सी–60 दस्ते के सदस्य थे, जिसे विशेष रूप से 1990 में नक्सल हिंसा से निपटने के लिए गठित किया गया था।

सी–60 पहले भी इस इलाके में इस तरह के ऑपरेशन करता रहा है। यह ऑपरेशन पूरी तरह से खुफिया जानकारियों पर आधारित था, जिसमें माओवादियों की लोकेशन एवं मिलिंद बाबूराव तेलतुम्बडे सहित वहां छिपे अन्य माओवादियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई थी। मुठभेड़ में ढेर हुए मिलिंद तेलतुम्बडे भाकपा के नवगठित एमएमसी क्षेत्र (महाराष्ट्र–मध्य प्रदेश–छत्तीसगढ़) का प्रमुख था, जिस पर 50 लाख रुपये का इनाम रखा गया।

असल में माओवादी आंदोलन अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। एक समय तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने माओवादी हिंसा को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। आज न केवल माओवादी हिंसा में कमी आई है, बल्कि कई बड़े–बड़े माओवादी कमांडर मारे गए हैं। गढ़चिरौली में सी–60 द्वारा की गई इस कार्रवाई में भी मिलिंद तेलतुम्बडे के अलावा दो अन्य शीर्ष कमांडर मारे गए हैं।

वर्ष 2009 में देश के 123 जिले माओवादी हिंसा से प्रभावित थे और 65 जिले बहुत ज्यादा माओवादी हिंसा से प्रभावित थे। लेकिन आज देश के मात्र 65 जिले माओवाद प्रभावित हैं और मात्र दो से तीन जिलों में माओवादी हिंसा सर्वाधिक है। बाकी जिलों में छिटपुट माओवादी गतिविधियां होती हैं। वर्ष 2009 और 2010 में प्रति वर्ष एक हजार से ज्यादा लोग (माओवादी, पुलिस, आम लोग समेत) मारे गए थे, लेकिन आज वैसी स्थिति नहीं है। माओवादियों के वर्चस्व का क्षेत्र सिकुड़ गया है।

गढ़चिरौली में माओवादी छिपते हैं। आप पिछले रिकॉर्ड देखेंगे, तो पाएंगे कि गढ़चिरौली में माओवादियों द्वारा हिंसक घटनाएं बहुत कम हुई हैं, जबकि माओवाद विरोधी सुरक्षा बलों की कार्रवाई की घटनाएं ज्यादा हुई हैं। हमें यह ध्यान रखना होगा कि हिंसक घटनाएं होना और माओवादियों का वर्चस्व, दोनों दो चीजें हैं। देश के 65 जिलों में वे आज भी हैं और छिटपुट हिंसक घटनाएं साल में एकाध बार होती रहती हैं। लेकिन जिस तरह का उनका वर्चस्व था और जितनी सक्रियता थी, वह बहुत हद तक सिमट गई है।

आज वे मात्र छत्तीसगढ़ में ही हावी हैं, वह भी बस्तर डिवीजन के दो–तीन जिलों में। एक जमाने में बस्तर के जंगलों में सुरक्षा बल जाने से डरते थे, लेकिन आज उस क्षेत्र में सुरक्षा बलों की चौकियां हैं। आज बस्तर के जंगलों के छोटे–छोटे इलाके में माओवादी छिपे हुए रहते हैं और पुलिस जब उधर सर्च ऑपरेशन चलाती है, तो वे उस इलाके की भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाते हुए तत्काल भाग जाते हैं और फिर उन क्षेत्रों में लौट आते हैं। इक्का–दुक्का हिंसक घटनाएं कहीं भी हो सकती हैं।

संयुक्त आंध्र प्रदेश (तेलंगाना समेत) में एक समय साल में चार सौ–पांच सौ लोग नक्सली हिंसा में मारे जाते थे, अब एक–दो लोग भी मारे जाते हैं, तो बड़ी बात हो जाती है। सरकार के हाथ में कोई जादू की छड़ी नहीं है, जिससे नक्सली हिंसा का एकदम से खात्मा कर दिया जाएगा। इसे धीरे–धीरे खत्म किया जा सकता है और वह हो रहा है। फिलहाल जो स्थिति है, उसमें एक तरह से माओवादी आंदोलन लगभग खात्मे के रास्ते पर है। धीरे–धीरे इनके वर्चस्व के क्षेत्र सिमटते जा रहे हैं।

पाठकों को याद होगा कि 2008–09 में पश्चिम बंगाल पूरे देश में सबसे ज्यादा माओवाद प्रभावित क्षेत्र था, लेकिन आज वहां माओवादी हिंसा की घटना शायद ही सुनने को मिलती है। जहां तक बिहार, झारखंड में नक्सली हिंसा की बात है, तो वह माओवादी आंदोलन नहीं है। उधर जो माओवादी गुट सक्रिय हैं, वे दरअसल फिरौती गिरोह हैं। उनकी तुलना छत्तीसगढ़ या गढ़चिरौली के माओवादियों से करेंगे, तो यह गलत होगा। बिहार, झारखंड में जो नक्सली गुट हैं, वे छोटे–छोटे फिरौती गिरोह हैं, जबकि छत्तीसगढ़ या गढ़चिरौली के माओवादियों के आंदोलन में अब भी थोड़ी जान बची है। और इसे काबू में लाने के लिए गढ़चिरौली में ये ऑपरेशन किए गए, जो बहुत कामयाब रहे।

विभिन्न क्षेत्रों में कभी–कभार माओवादियों की जो हिंसक घटनाएं होती हैं, उसका एक कारण यह है कि वे अपने अस्तित्व को बचाने के लिए ऐसी हिंसक घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। कोई भी हिंसक संगठन अगर कुछ न करे, और चुप बैठ जाए, तो वह सिकुड़ कर अपने आप खत्म हो जाएगा। उसे अपनी क्षमता दिखाने के लिए कुछ न कुछ करना ही पड़ता है। वे अपनी क्षमता दो–तीन चीजों के लिए दिखाते हैं। अगर वे अपनी क्षमता नहीं दिखाएंगे, तो कोई उनकी तरफ आकर्षित नहीं होगा। माओवादियों को अपने संगठन में भर्ती करने के लिए नए–नए रंगरूट नहीं मिलेंगे।

दूसरी बात, उन इलाकों में रहने वाले आम लोग, जो उनकी विभिन्न तरह से मदद करते हैं, वे भी इनकी निष्क्रियता देख धीरे–धीरे अलग होने लगते हैं और सरकार के सुरक्षा बलों की मदद करने लगते हैं। इसलिए उन्हें सरकार का मददगार बनने से रोकने के लिए, धमकाने–डराने की खातिर माओवादी हिंसक घटनाओं को अंजाम देते हैं। तीसरा, ये पुलिस के मुखबिरों को निशाना बनाने के लिए हिंसा करते हैं।

चौथा, अगर उन्हें खबर मिलती है कि अमुक रास्ते से पुलिस या सुरक्षा बलों का दस्ता जा रहा है और उनकी क्षमता मजबूत होती है, तो वे सुरक्षा बलों के खिलाफ हिंसा करते हैं। ऐसे ऑपरेशन को मौके का ऑपरेशन कहा जाता है और अगर ये ऑपरेशन ज्यादा कामयाब होते हैं, तो फिर उनका वर्चस्व बढ़ने लगता है। लेकिन छिटपुट घटनाओं के बावजूद माओवादियों का वर्चस्व एक छोटे से क्षेत्र में सिमटकर रह गया है और माओवादी हिंसा में भारी कमी आई है। माओवादी हिंसा आज आंतरिक सुरक्षा के लिए पहले की तरह बड़ा खतरा नहीं रह गई है। आज माओवादी आंदोलन अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## फ्री राशनः तीस हजार राशन कार्ड कैंसिल : अब नहीं मिलेगा इन्हें मुफ्त में गेहूं और चावल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : देश में एक राष्ट्र एक राशन कार्ड की योजना लागू होने के बाद गोरखपुर के 30326 राशन कार्ड प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। राशन कार्ड की आधार से सीडिंग कराए जाने के बाद 30326 ऐसे राशन कार्डो को चिह्नित किए गए जिनके परिवार के एक अथवा उससे अधिक सदस्यों के नाम गोरखपुर के अलावा देश के अन्य राज्यों में भी राशन कार्ड में दर्ज हैं। आधार ने ऐसे लोगों के सस्ते दर पर राशन लेने के आधार को निराधार करार दिया है। जिसके बाद शासन ने इन राशन कार्डो पर राशन लेने पर रोक लगा दी है। एक राष्ट्र एक राशन कार्ड की योजना लागू होने के बाद सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से पात्र लाभार्थी राशन कार्ड पर देश के किसी हिस्से में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से रियायती दर पर खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए विभिन्न राज्यों के राशन कार्ड धारकों का ब्यौरा सेंट्रल सर्वर में लिंक कराया गया है। सेंट्रल सर्वर में राज्यों के ब्यौरे से आधार का मिलान कराने पर बड़ी संख्या में ऐसे राशन कार्ड पकड़ में आ रहे जिनके परिवार के एक अथवा उससे अधिक सदस्यों के नाम दो जगहों पर राशन कार्ड में दर्ज हैं। सेंट्रल सर्वर ने राज्यों से डेटा मिलान के बाद इसके बाद राज्यों को ऐसे राशन कार्डो की सूची भेजनी शुरू की है। गोरखपुर में 30326 राशन कार्ड ऐसे पाए गए हैं जिनके परिवार के सदस्यों के नाम नाम दो जगह राशन कार्ड में चल रहे हैं। खामिया दूर कराएं तो शुरू होगी सुविधा। ऐसे चिन्हित राशन कार्डो पर राशन वितरण फिलहाल प्रतिबंधित किया गया है। इन राशन कार्डधारकों के मुखिया से परिवार के उन सदस्यों का नाम कटवाने को कहा जा रहा जिनके नाम दो जगह राशन कार्ड में दर्ज हैं। इसके बाद ही उनके राशन कार्ड पर राशन की सुविधा बहाल होगी। नियमानुसार सिर्फ एक स्थान पर बना सकते हैं राशन कार्ड। नियमानुसार एक जगह ही राशन कार्ड बनवाया जा सकता है। लेकिन लोग अपने मूल जिले में राशन कार्ड बनवाने के साथ परिवार के साथ किसी अन्य जिले या राज्य में शिफ्ट हो गए तो वहां भी राशन कार्ड बनवा लिया। परिवार का कोई सदस्य बाहर कमाने चला गया तो उसने वहां भी अपना राशन कार्ड बनवा लिया जबकि उसका नाम यहां पहले से ही राशन कार्ड में चल रहा है। ऐसे खुला मामला। राशन कार्ड के साथ आधार कार्डो की फीडिंग के बाद उनकी सीडिंग को अनिवार्य किया गया। साल 2020 से सरकार ने हर राशन कार्ड की सीडिंग कराना अनिवार्य था। उत्तर प्रदेश में अब तक 99 प्रतिशत राशन कार्डो की सीडिंग हो चुकी है। राशन कार्ड बनवाने के लिए परिवार के हर सदस्य का आधार नंबर देना पड़ता है। ऐसे में एक से अधिक जगह आधार नंबर का इस्तेमाल करने पर यह गड़बड़ी सर्बर की पकड़ में आ जाती है। अरूण सिंह, पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि दो जगह नाम होने के कारण ऐसे राशन कार्डो पर राशन उपलब्ध कराने पर रोक लगाई गई है। नियमानुसार एक व्यक्ति का नाम एक ही जगह राशन कार्ड में रह सकता है। राशन कार्ड धारक मुखिया को जिनके नाम दो जगह चल रहे, कटवाने को कहा गया है।

## श्री चित्रगुप्त मन्दिर निर्माण एवं मूर्तिप्राण प्रतिष्ठा का पाँचवा वार्षिकोत्सव संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : गौरव जन कल्याण संस्थान के तत्वावधान में सर्वसमाज के आराध्य, न्यायाधीशों के न्यायाधीश, सम्पूर्ण मानव जाति के भविष्य निर्धारक एवं कर्मो का लेखा जोखा रखने वाले, नियंताओ के नियंता भगवान श्री चित्रगुप्त के मन्दिर निर्माण एवं मूर्तिप्राण प्रतिष्ठा का पाँचवा वार्षिकोत्सव सम्पन्न हो गया। दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबा रामदास आश्रम रामनगर नीर रोड में बने श्री चित्रगुप्त मन्दिर में रामचरित मानस अखण्ड पाठ से किया गया। संस्थान के राष्ट्रीय सचिव गौरव श्रीवास्तव ने सपत्नी अखण्ड पाठ की पूजा अर्चना की द्यश्री राम चरित मानस अखण्ड पूर्णाहुति, हवन, प्रसाद वितरण, भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा, अर्चना आरती स्तुति और भण्डारे के साथ सम्पन्न हो गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंजलता श्रीवास्तव , त्रिलोकि सिंह , आदित्य नारायण त्रिवेदी, नैमिष सिंह, देवेंद्र सिंह , सुधीर तिवारी , दीपक दीक्षित , अवधेश कटियार , अमित वर्मा , अंकुर श्रीवास्तव , निधि श्रीवास्तव ,ललित श्रीवास्तव, पंडित हरिओम , धीरज खरे, संदेश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव , दिनेश अस्थना , रामप्रताप




श्रीवास्तव ,सर्वेन्द्र श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, रजत श्रीवास्तव, यशवीर श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव ,दीपिका श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव , माधुरी श्रीवास्तव,पुष्पलता श्रीवास्तव, गीतांजलि श्रीवास्तव, सरोज पाण्डेय,नैमिष श्रीवास्तव, हर्षित श्रीवास्तव, शिवम् श्रीवास्तव, स्वस्तिक श्रीवास्तव, सात्विक श्रीवास्तव ,दिनेश श्रीवास्तव, ब्रजेश श्रीवास्तव , मनीष श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव , अमरेन्द्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, देवेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## केजीएमयू में हर 7वें दिन भर्ती हो रहा यौन शोषण का शिकार : मासूम लड़कियों का प्रतिशत ज्यादा

लखनऊ ब्यूरो : हाल के दिनों में मासूमों के साथ यौन शोषण की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। केजीएमयू में हर सातवें दिन दुष्कर्म पीड़ित एक बच्चा भर्ती हो रहा है। कई बच्चों का सरकारी अस्पताल में भी इलाज होता है। पीड़ितों में लड़कियों का प्रतिशत ज्यादा है, लेकिन लड़के भी इसका शिकार हो रहे हैं। लखनऊ के आसपास के साथ यूपी के हर हिस्से से ये बच्चे केजीएमयू भेजे जा रहे हैं। ये आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। मनोवैज्ञानिकों व चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार इसके पीछे अलग–अलग वजह हैं। मोबाइल फोन के माध्यम से पोर्नोग्राफी की हर किसी तक पहुंच इसमें बड़ी भूमिका निभा रही है। इसके अलावा मानसिक बीमारी और अवसाद से भी ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मानिनी श्रीवास्तव के अनुसार महिलाओं से दुष्कर्म की घटनाओं में पुरुषों की ओर से उन पर संप्रभुता साबित करना सबसे बड़ी वजह होती है। इसके अलावा प्रतिशोध व अन्य कारण भी इसके पीछे होते हैं। बच्चे होते हैं आसान शिकार। बच्चों के मामले में स्थिति इससे काफी अलग होती है। उनके साथ दुष्कर्म व कुकर्म की घटनाओं में सबसे बड़ी वजह पोर्नोग्राफी है। बच्चे इसका इस्तेमाल करने वालों के लिए आसान शिकार होते हैं। छोटे बच्चे इसके बारे में किसी को बता भी नहीं पाते हैं। इस कारण भी ऐसी प्रवृत्ति के लोग इन घटनाओं को अंजाम देते हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि जो बच्चे भावनात्मक या शारीरिक रूप से प्रताड़ना के शिकार होते हैं, वे भी इस तरह की घटना को अंजाम देकर खुद को शक्तिशाली महसूस करते हैं। वहीं, मानसिक रूप से बीमार लोग भी मासूमों से दुष्कर्म जैसा घिनौना काम करते हैं। ओटीटी कंटेंट पर सेंसरशिप की जरूरत। डॉ. मानिनी श्रीवास्तव के अनुसार इस समय ओटीटी कंटेंट से काफी पोर्नोग्राफी परोसी जा रही है। इस कंटेंट पर अभी तक कोई सेंसरशिप नहीं है। इस कारण इसमें अश्लीलता और फूहड़ता की भरमार है। वहीं, इसकी रिलीज से लेकर इसे देखने वालों पर भी कोई पाबंदी नहीं है। यहां तक कि यह पता लगाना भी संभव नहीं कि किस आयुवर्ग के लोग इसे देख रहे हैं। ऑनलाइन क्लास ने हर बच्चे के हाथ में थमाया मोबाइल। कोरोना काल में ऑनलाइन क्लास की मजबूरी ने हर बच्चे के हाथ में मोबाइल थमा दिए। निगरानी न होने से छोटे–छोटे बच्चे भी पोर्नोग्राफी देखने लगे। विशेषज्ञों के अनुसार 10 साल से कम आयुवर्ग के बच्चे भी इसमें शामिल हैं। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों के देखे जा रहे कंटेट की जानकारी लेते रहना चाहिए। पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. जेडी रावत का कहना है कि छोटे बच्चों से दुष्कर्म के मामले बढ़ रहे हैं। विभाग में महीने में इस तरह के चार से पांच केस आ रहे हैं। इसके पीछे की वजह की पड़ताल करने की जरूरत है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी बहुत जरूरी है।

## शादी समारोह में शामिल होने आए महिला समेत तीन की स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से कटकर मौत

मिर्जापुर ब्यूरो : मिर्जापुर जिले के रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह पांच बजे स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से कटकर एक महिला और दो पुरुष की मौके पर मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, नागपुर से एक परिवार के सात लोग भदोही के उगापुर गांव में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। ट्रेन से उतरने के बाद सभी लोग रेलवे ट्रैक पार कर प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आ रहे थे। उगापुर से आए लोग सभी को ट्रैक पार करा रहे थे। एक महिला ट्रैक नहीं पार कर पा रही थी। उस दौरान महिला को ट्रैक पार कराते समय स्वर्ण जयंती ट्रेन आ गई। ट्रेन




की चपेट में आने से दुर्गा देवी(50), राजेश गुप्ता(48), बबलू(45) की मौत हो गई। मौत से कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## शीघ्र बनी रजवल रोड की दशा अत्यन्त खराब : विभाग और ठेकेदार की घोर लापरवाही उजागर

गोरखपुर खजनी ब्यूरो रवि कुमारःखजनी तहसील अंतर्गत रजवल पर सड़क टूट कर नालों में तब्दील हो गया जिस पर रजवल के कस्बे के लोगों ने अनेकों बार धरना दिए एवं वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत किए फिर भी कोई अधिकारी वहां देखने के लिए भी नहीं आया उक्त मार्ग पर चलने वाले राहगीर पराया चोटिल हो जाते थे और सब से बस से बस्तर दशा गर्भवती महिलाओं एवं स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को आए दिन तकलीफ होती है किसी को पता भी नहीं किसी को पता भी नहीं चला आज दिनांक 16 नवंबर को ठेकेदार और जेई मिलकर आनन–फानन में सड़क की लिपाई पुताई कर अपने कर्तव्य को निर्वाहन कर दिया। सुबह को बनी रोड शाम होते खराब राह गिरोह ने विटोरी लिया सड़क की गिट्टी । सुबह ग्रामीणों ने देख कर आक्रोशित हो गए हैं और उन लोगों ने आरोप लगाया की जेई और ठेकेदार घटिया सामग्री लगाकर सरकारी धन का बंदरबांट कर लिए ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि इसकी



फोटो ग्राफ के साथ हम लोग मुख्यमंत्री के दरबार में उपस्थित होकर पीडब्ल्यूडी के आला अधिकारी व जेई और ठेकेदार की शिकायत करेंगे उस उक्त स्थान पर मुकेश , राधेश्याम, गयादीन मौर्य , अच्छेलाल , अमरजीत सुरेंद्र प्रेम कुमार सीताराम अखिलेश राम नरेश शैलेश मोरया चंद्रभान मौर्य विजय कुमार सूरज कनौजिया है पत्रकार और सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पैरोल पर आए पिता व पुत्र तथा साथियों सहित ग्राम प्रधान के हत्या की योजना बनाते हुए गिरफ्तार

शाहजहाँपुर ब्यूरो उमाकान्त श्रीवास्तव : जनपद थाना बण्डा पुलिस के थाना प्रभारी मनोज कुमार उप निरीक्षक ( प्रभारी सर्विलांस सेल ) नीरज सिंह एवँ किरन पाल सिंह , पवन सिंह ने साथी हमराहियों के साथ पुरानी चुनावी रजिंश को लेकर ग्राम सिंधापुर कुरसण्डा के वर्तमान प्रधान लालाराम की पैसे देकर हत्या की योजना बनाते हुए गाँव के राम सनेही को पुत्र कश्मीर एवँ आकाश तथा साथी जनपद खीरी के थाना मोहम्मदी के गाँव बसखेड़ा निवासी शिव रतन लाल को भारी एक लाइसेंसी 12 बोर बन्दूक तथा एक तमंचा एवँ दो 315 बोर तमंचों एवँ भारी मात्रा में कारतूसों के अलावा 25 हजार रुपये की नगदी एवँ 05 मोबाइल सहित गाँव के बाहर खड़े गन्ने के खेत से मुखबिर की सूचना पर बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया । जिनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को न्यायालय रवाना किया गया है । अभियुक्तो ने पूछताछ मे बताया कि पिछले प्रधानी के चुनावों मे मेरा बेटा कश्मीर सिंह हार गया था । इसी रंजिश को लेकर मैने अपने रिश्तेदार शिवरतन को बुलाया तथा प्रधान को मारने के लिए 02 लाख रूपये मे सुपारी तय हुई थी । एडवांस के तौर पर 25000/– रूपये दिये थे जो बरामद किये गये है । अभियुक्त राम सनेही हत्या को अभियोग मे आजीवन कारावास की सजा हुई थी तथा पैरोल पर छूट कर आया था।

## गृह प्रवेश पार्टी के बाद पति ने पत्नी को गला दबाकर मार डाला और खुद भी फांसी पर लटका

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के गोमती नगर विस्तार स्थित गंगोत्री विहार फेस दो में नवनिर्मित घर में मंगलवार रात गृह प्रवेश की पार्टी के बाद बुधवार सुबह दंपती का शव संदिग्ध हालात में बेडरूम में मिला। रिश्तेदारों ने खिड़की का शीशा तोड़ किसी तरह से दरवाजा खोलने के साथ ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छानबीन कर प्रथम दृष्टया पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के बाद पति द्वारा खुदकुशी करने की बात कही है। मूल रूप से गोंडा के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के शिवशंकर पुरवा निवासी रंगनाथ मिश्रा के पुत्र रामकिशोर, श्याम किशोर और बृज किशोर गोमती नगर विस्तार में गीतापुरी के पास रहकर बिल्डिंग मटेरियल का कारोबार करते हैं। तीनों भाइयों ने हाल ही में गोमती नगर के गंगोत्री विहार फेस टू में चारमंजिला आलीशान मकान बनवाया है। जिसमें बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान खोली गई और ऊपर की दो मंजिलों पर परिवार के लिए आवास बनवाया गया। मंगलवार को नवनिर्मित मकान में गृह प्रवेश की पार्टी थी। इसमें तमाम रिश्तेदार, मित्र और आसपास के लोग शामिल हुए। देर रात तक खाना पीना और डांस के बाद परिजन व रिश्तेदार सो गए। बुधवार सुबह श्याम किशोर देर तक कमरे से बाहर नहीं निकले तो उनकी बहन ने दरवाजे पर दस्तक दी। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर अनहोनी की आशंका में रिश्तेदारों ने कमरे की खिड़की का शीशा तोड़ा तो भीतर श्याम किशोर (38) का शव फंदे पर लटका देख घबरा गए। दरवाजा तोड़कर रिश्तेदार और परिवार के लोग भीतर गए तो बेड पर साधना (36) की लाश पड़ी थी जबकि श्याम



किशोर की 9 साल की बेटी प्रियांशी पास में बैठी थी और 7 साल का बेटा अविनाश सो रहा था। श्याम किशोर और साधना की मौत से परिवार और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। आनन–फानन पुलिस को सूचना दी गई। इस पर डीसीपी पूर्वी अमित कुमार आनंद, एडीसीपी पूर्वी कासिम आब्दी और गोमती नगर विस्तार इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौका मुआयना करने के साथ ही परिजनों व रिश्तेदारों से पूछताछ की। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए। इंस्पेक्टर ने बताया कि फोरेंसिक टीम के साथ मौके का मुआयना कर साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप। साधना के मायके वालों का कहना है कि श्याम किशोर ने साधना की हत्या कर दी। उसके बाद फंसने के डर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके वालों का कहना है कि साधना नए घर में जाने को लेकर खुश थी। उसका आत्महत्या करना संभव ही नहीं। दूसरी तरफ श्याम किशोर के परिजनों का कहना है कि दोनों के कमरे का दरवाजा सुबह देर तक न खुलने पर पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने दोनों के बीच देर रात किसी बात को लेकर विवाद की बात स्वीकार की है लेकिन विवाद किस बात पर हुआ इसकी जानकारी होने से इंकार किया।

## नीट फर्जीवाड़े में फरार आरोपी त्रिपुरा से गिरफ्तार : 20 हजार के इनामी के संपर्क में आकर सॉल्वर का लिया था सहारा

वाराणसी ब्यूरो : नीट सॉल्वर गैंग पर वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। मामले में वांछित तपन साहा को कमिश्नरेट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को बुधवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस के अनुसार, तपन साहा ने 20 हजार के इनामी मृत्युंजय देबनाथ के जरिए से सॉल्वर बैठाकर परीक्षा दिलवाना स्वीकार किया है। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि शिव नगर, मॉडर्न कला के पास, अगरतला, वेस्ट त्रिपुरा निवासी तपन ने अपने पुत्र तमाल साहा को एमबीबीएस में एडमिशन के लिए सॉल्वर गैंग का सहारा लिया था। झांसी के रहने वाले वीरेंद्र ने अपने बेटे के साथ हुई धोखाधड़ी के मामले में कई गंभीर धाराओं में सारनाथ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बेटे को एक कोचिंग संस्थान से पढ़ाई करते समय गैंग द्वारा पैसे लेकर मेडिकल सीट दिलाने का झांसा दिया गया था। पुलिस की तफ्तीश में सामने आया कि सॉल्वर गैंग का जाल उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक और त्रिपुरा तक फैला हुआ है। झांसी के सीपरी बाजार लहर गिर्द निवासी वीरेंद्र



कुमार के अनुसार, उनका बेटा उमेश अहिरवार वर्ष 2019 से कोटा (राजस्थान) में रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। इस वर्ष 2021 की नीट परीक्षा का फॉर्म भरने के दौरान साइबर कैफे संचालक द्वारा उसकी मुलाकात हामिद रजा से हुई, जो कि मेडिकल और इंजीनियरिंग कंसलटेंट कंपनी चलाता है। हामिद रजा ने उमेश अहिरवार से नीट परीक्षा सॉल्वर के माध्यम से पास कराने के लिए 15 लाख में सौदा तय किया और उसकी फोटो और डाक्यूमेंट्स फॉर्म भरने के लिए ले लिया। वीरेंद्र का आरोप है कि हामिद रजा के साथी पीके उर्फ नीलेश, डॉ ओसामा शाहिद, अफरोज, आशुतोष, विकास महतो, मृत्युंजय देवनाथ, दिव्य ज्योति आदि हैं। उन्ही के माध्यम से उसकी फोटो को एमबीबीएस स्टूडेंट ( सॉल्वर) के साथ मिक्स कर फॉर्म भराया है। इसके लिए एडवांस में 50 हजार रुपये भी दिए। परीक्षार्थी उमेश अहिरवार ने जब यह बात बताई तो उसे इस गैंग से दूर रहने के लिए समझाया गया। वीरेंद्र कुमार के अनुसार, बेटे के सभी डॉक्यूमेंट की हामिद रजा से मांग की गई तो उसने गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी दी थी।

## टेण्डर नमूना के साथ तथा टेलर्स वर्दी की सिलाई हेतु दर 03 दिसम्बर तक नजारत अनुभाग में प्राप्त कराये जा सकते हैं—अध्यक्ष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अध्यक्ष, कय समिति / विशेष न्यायाधीश एस०सी० / एस०टी० एक्ट ने अवगत कराया है कि माननीय जनपद न्यायाधीश, जौनपुर के अनुमोदन 16 नवम्बर 2021 के अनुसार सर्वसाधारण को अवगत कराया जाता है कि जनपद न्यायालय, जौनपुर में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं वाहन चालकों को ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन वर्दी की आपूर्ति हेतु कपड़ों के क्रय हेतु ख्यातिलब्ध फर्मों से कोटेशन / टेण्डर तथा वर्दी की सिलाई हेतु टेलर्स से टेलरिंग के सम्बन्ध में सिलाई दर शर्ट, फुल पैण्ट ब्लेजर कोट, ब्लेजर पैण्ट के सम्बन्ध में अलग–अलग दर / कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। ग्रीष्मकालीन वर्दी हेतु कपड़े का विवरण – सफेद टेरीकाट सूटिंग कपड़े में (पुरुष कर्मचारी हेतु), सफेद साड़ी सिन्थेटिक किनारीदार, ब्लाउज (सफेद सूती स्पन / रूबिया) व पेटीकोट, (सफेद पापलीन) कपड़े में (महिला कर्मचारी हेतु)। शीतकालीन वर्दी हेतु कपड़े का विवरण – नीला ब्लेजर (पुरुष कर्मचारी के कोट एवं पेण्ट हेतु), ऊनी जर्सी (महिला कर्मचारी हेतु), ऊनी कम्बल, एक जोड़ी जूता / मोजा (वाहन चालकों के लिए)। उन्होंने इच्छुक प्रतिभागी वर्दी के कपड़ों की आपूर्ति हेतु कोटेशन / टेण्डर नमूना के साथ तथा टेलर्स वर्दी की सिलाई हेतु दर 03 दिसम्बर 2021 तक किसी भी कार्यदिवस में नजारत अनुभाग में प्राप्त कराये जा सकते हैं, जो 04 दिसम्बर 2021 को अध्यक्ष, कय समिति के विश्राम कक्ष में समिति के सदस्यगण की उपस्थिति में खोले जायेंगे। सामान्यतया माननीय जनपद न्यायाधीश, जौनपुर को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये किसी भी कोटेशन / टेण्डर को स्वीकार न करें।

## 20 नवम्बर 2021 को होगा 'वृहद रोजगार मेला' का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह जनपद के समस्त बेरोजगार अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाता है, कि मण्डल स्तर पर 20 नवम्बर 2021 को 'वृहद रोजगार मेला' का आयोजन जीवनदीप ग्रुप ऑफ एजूकेशनल इंस्टीटयूशन बड़ा लालपुर सिन्धोरा रोड़ वाराणसी में आयोजित किया गया है। जिसमें अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा, आई0डी0पुफ्र सहित मेला में प्रतिभाग कर सकते है।

## हत्या के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को थाना महराजगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक गतिविधियो की रोकथाम एवं गिरफ्तारी, बरामदगी तथा शेष अभियोगो के अनावरण हेतु प्रचलित अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण, निर्देशन में उ0नि0 संतोष कुमार राय थानाध्यक्ष महराजगंज के नेतृत्व में मु0अ0सं0 178 / 2021 धारा 302 / 307 भा0द0वि0 में वांछित अभियुक्त नितेश सिंह उर्फ भोलू सिंह पुत्र कृपाशंकर सिंह निवासी बेदौली थाना महराजगंज जनपद जौनपुर को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त के घर बह्द ग्राम बेदौली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त – 1.नितेश सिंह उर्फ भोलू सिंह पुत्र कृपाशंकर सिंह निवासी बेदौली थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास–1. मु0अ0सं0 304 / 2016 धारा 323 / 427 / 436 / 504 / 506 भा0द0वि0 व 3(1)(10) Sc/St Act थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0



178 / 2021 धारा 302 / 307 भा0द0वि0 थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम – 1. उ0नि0 संतोष कुमार राय थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद जौनपुर । 2. का0 हरेन्द्र राजभर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 3. का0 अमरनाथ तिवारी थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 4. का0 चा0 अर्जुन यादव थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

## थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी केराकत के कुशल पर्यवेक्षण, निर्देशन में थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक गौराबादशाहपुर के नेतृत्व में आज दिनांक 17.11.2021 को प्रसाद तिराहा आजमगढ़ मार्ग पर एक अदद अवैध देशी तमन्चा .315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस .303 बोर के साथ एक नफर अभियुक्त रजनीश तिवारी पुत्र मनोज तिवारी निवासी ग्राम नेमपुर , महेशपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकर नगर को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0स0 205 / 2021 धारा 3 / 25 आयुध अधिनियम बनाम रजनीश तिवारी उपरोक्त पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता– 1. अभियुक्त रजनीश तिवारी पुत्र मनोज तिवारी निवासी ग्राम नेमपुर , महेशपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकर नगर। बरामदगी– 1. एक अदद अवैध तमन्चा




.315 बोर व 02 अदद जीवित कारतूस .303 बोर। गिरफ्तारी टीम–1. उ0नि0 संतोष कुमार पाठक थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर जौनपुर। 2. उ0नि0 लाल बहादुर सिंह थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 3. का0 संदीप सिंह थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 4. का0 विनोद कुमार यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 5. का0 विजय कुमार यादव थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। 6. का0 अवनीश सोनकर थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर।

## वाराणसी –लखनऊ सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार से शुरू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी से चलकर जौनपुर होते हुए लखनऊ के लिए सुपर फास्ट एक्सप्रेस वाराणसी –लखनऊ सेवा के रूप में नई ट्रेन की सौगात मिली है। । वरुणा एक्सप्रेस कोरोना काल से ही बंद कर दी गई थी। जिसके चलते जिले के लोगो को प्रदेश की राजधानी समेत अन्य जिले में आने जाने के लिए भारी कठिनायों का सामना करना पड़ रहा था। इस ट्रेन में यात्रा करने के लिए एक दिन पहले रिजर्वेशन कराना कराना होगा। इसमें कुल 1170 सामान्य श्रेणी की सीटे है जिसका किराया 120 रूपये है तथा 43 सीट ऐसी चेयर कार की है इसका भाड़ा 420 रूपये लगेगा। वाराणसी को लखनऊ से जोड़ने वाली गाड़ी संख्या 20401 / 20402 यह ट्रेन अपने निर्धारित समय 6 बजकर 58 मिनट पर जौनपुर सिटी स्टेशन पहुंची। यह नियमित ट्रेन प्रतिदिन सुबह 6 बजे कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) से चलकर महज 4 घंटे 10 घंटे में लखनऊ पहुंचेगी। इस ट्रेन में 14 साधारण श्रेणी, 1 वातानुकुलित श्रेणी, 2



एसएलआर समेत कुल 17 कोच लगाए जा रहे हैं।बुधवार को ट्रेन वाराणसी के कैंट स्टेशन से सुबह 6 बजे चली, जो जौनपुर सिटी स्टेशन पर अपने निर्धारित समय सुबह 06:58 बजे पहुंची।इसके बाद ट्रेन सुल्तानपुर के लिए रवाना हुई।जहां ट्रेन का निर्धारित समय सुबह 07:56 बजे है,जबकि निहालगढ़ में सुबह 08:38 बजे होते हुए लखनऊ 10 बजकर 10 मिनट पर लखनऊ पहुंच जाएगी। जहां से यह शटल ट्रेन शाम 6 बजे चलकर रात 10:10 बजे वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंचेगी। इसके पहले यह ट्रेन निहालगढ़ में शाम 07:16 बजे, सुल्तानपुर में रात 07:56 बजे और जौनपुर में रात 08:55 बजे पहुंचेगी।

## खण्ड शिक्षाधिकारी नें किया कम्पोजिट विद्यालय हमजापुर का औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खण्ड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार ने कम्पोजिट विद्यालय हमजापुर का औचक निरीक्षण किये। इस दौरान वह प्रत्येक कक्षा में छात्रों से गणित व भाषा सम्बन्धी प्रश्न पूछे ,छात्रों द्वारा संतोषजनक जवाब मिला ,उनके द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन भी किया गया।इसके उपरांत खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्रेरणा तालिका को देखा ,उसमें जो कमियां थी उसको दूर करने का निर्देश प्रधानाध्यापिका को दिए। तत्पश्चात खण्ड शिक्षा अधिकारी छात्रों के बीच पंक्ति में बैठकर मध्यान्ह भोजन किये और भोजन के गुणवत्ता की जांच किये।इस मौके पर विद्यालय के गणित अध्यापिका फातिमा ,रमाकांत पाल सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## जायसवाल धर्मशाला में बनेगा खाद्य एवं पेय पदार्थ का लाइसेंस : श्रवण जायसवाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा अखिल भारतीय व्यापार मंडल के सहयोग से खाद्य एवं पेय पदार्थ के थोक एवं फुटकर विक्रय हेतु लाइसेंस बनाने के लिए 18 नवम्बर 2021 दिन वृहस्पतिवार को सब्जी मंडी स्थित जायसवाल धर्म शाला पर सुबह 10 से एक कैंप लगाया जाएगा। जिसमें लाइसेंस बनवाने वालें इच्छुक दुकानदार अपना आधार कार्ड एवं फोटो लेकर समय से उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार जायसवाल ने बताया कि मौजूदा समय में जिस तरह से खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत आती रहती है उसे देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि हर विक्रेता के पास लाइसेंस हो, फिर चाहे वह फुटकर विक्रेता हो या थोक सामान का व्यापार करने वाला हो।

## चित्रकूट में प्रियंका गाँधी की हुंकार– उठो द्रोपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आयेंगे!

आर एल पाण्डेय लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गाँधी ने आज चित्रकूट के रामघाट पर लड़की हूँ–लड़ सकती हूँ संवाद को संबोधित करते हुए महिलाओं से उत्तर प्रदेश को बदहाली से निकालने के लिए संघर्ष में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने एक कविता पढ़ते हुए कहा कि ''उठो द्रोपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आयेगा!'' प्रियंका गाँधी ने कहा कि महिलाओं को अपनी हालत बदलने के लिए खुद्द संघर्ष करना होगा, कांग्रेस पार्टी हर कदम पर उनके साथ है। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि अगले चुनाव में वे आंख मूंद कर महिलाओं को वोट दें। आगामी चुनाव में महिलाओं को 40 फीसदी टिकट देने सहित तमाम प्रतिज्ञाओं का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार बनने पर पुलिस में एक चौथाई महिलाओं को भर्ती करने और महिलाओं की शिकायत न सुनने वाले अधिकारी को दस दिन में सस्पेंड करने के अलावा एक विशेष आयोग के गठन के ऐलान पर विचार चल रहा है। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन रावत ने बताया कि आज दोपहर माता चित्रकूट के ऐतिहासिक मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद जब प्रियंका गाँधी रामघाट पहुँचीं तो वहां मौजूद हजारों महिलाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। संवाद शुरू करते हुए कांग्रेस महासचिव ने पहले वहां मौजूद विभिन्न वर्गों की महिलाओं से उनका दुख दर्द सुना और फिर अपनी बात कही। माता अनसुईया, माता सीता प्रभु राम और मदाकिनी मइया को नमन करने के साथ अपनी बात शुरू करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि कभी रानी लक्ष्मीबाई ने देश की आजादी के लिए लड़ते हुए कुर्बानी दी थी, आज की महिलाएं खेतों से लेकर फैक्ट्री तक में काम करती हैं। स्कूलों और अस्पतालों में मेहनत करती हैं। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना हुनर दिखा रही हैं लेकिन उन पर अत्याचार होता है। गरीब महिलाएं नल से पानी पाने के लिए भी संघर्ष करती हैं और किसान महिलाएं अपनी फसल के दाम, और बीज–खाद से होने वाली परेशानियों के बीच घर को संभालती हैं। महंगाई का बोझ भी उस पर ही पड़ता है। तेल से लेकर रसोई गैस तक की महंगाई के बीच उसे ही घर चलाना होता है। महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि लाकडाउन के दौरान लाखों मजदूर पैदल बुन्देलखण्ड लौटने को मजबूर हुए तब कांग्रेस के तमाम प्रयासों के बावजूद मोदी सरकार ने बसों का इन्तजाम नहीं किया, अब उनकी रैली के लिए हजारों सरकारी बसों का इन्तजाम किया जा रहा है। बुन्देलखण्ड के लोगों का दर्द न महसूस करने वाले यहां पर वोट मांगने आ रहें हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की स्थिति में तब तक सुधार नहीं होगा जब तक फैसले लेने वाली जगहों पर महिलाएं नहीं होंगी। कांग्रेस ने इसी लिए चुनाव में 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देने का ऐलान किया है। महिलाएं ही महिलाओं का दर्द समझ सकती हैं और जब विधानसभा में बड़ी तादाद में महिलाएं होंगी तो उनके पक्ष में नीतियां भी बनेंगी। उन्होंने महिलाओं से संघर्ष में आगे आने का आह्वान करते हुए ये कविता पढ़ी– सुनो द्रोपदी शस्त्र उठा लो अब गोविंद न आएंगे, कब तक आस लगाओगी तुम बिके हुए अखबारों से, कैसी सुरक्षा मांग रही हो दुशासन दरबारों से श्री रावत ने बताया कि महासचिव प्रियंका गांधी ने शाहजहांपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने जा रहीं आशा बहनों की बर्बर पुलिस पिटाई का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में उन्हें उनका हक नहीं मिल सकता। बकाया मानदेय मांगने पर पिटाई करने वालों से महिलाएं अब डरेंगी नहीं। वे और पूरी कांग्रेस पार्टी उनके संघर्ष में साथ खड़ी है। उन्होंने आह्वान किया कि महिलाएं अगले चुनाव में आंख बंद करके महिलाओं को वोट दें। इस बार कांग्रेस के टिकट पर 40 फीसदी प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से राजनीति और समाज में बड़ा फर्क आयेगा। कांग्रेस ने जो पहल की है, उस पर सभी दलों को चलने पर मजबूर होना पड़ेगा। कांग्रेस महासचिव ने कांग्रेस की अन्य प्रतिज्ञाओं की याद दिलाते हुए कहा कि सरकार बनने पर लड़कियों को लड़कियों को स्मार्टफोन इसलिए दिया जायेगा ताकि वे आनलाइन पढ़ाई कर सकें। वे स्मार्ट पढ़ाई करें और स्मार्ट महिला बनें। साथ ही फोन पास होने पर वे सुरक्षित भी महसूस कर सकेंगी। स्कूटी इसलिए दी जाएगी ताकि वे पढ़ाई या नौकरी के लिए कहीं भी जा सकें। कांग्रेस की सरकार महिलाओं की बस यात्रा भी फ्री करेगी। इसके अलावा आरक्षण के मौजूदा प्रावधानों के तहत 40 फीसदी सरकारी नौकरियां महिलाओं को दी जाएगी। वृद्धा और विधवा पेंशन 1 हजार रुपये तक बढ़ाई जाएगी और आशा बहनों का मानदेय 10 हजार रुपये किया जाएगा। केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर प्रदेश में 75 दक्षता विद्यालय खोले जायेंगे जहां लड़कियां कोई न कोई हुनर भी सीखेंगी ताकि आत्मनिर्भर बन सकें। श्री रावत ने बताया कि संवाद में एक लड़की ने उनसे महिला सुरक्षा पर कांग्रेस की प्रतिज्ञा के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस संबंध में गंभीरता से विचार कर रही है। कई उपायों पर चर्चा जारी है जिसकी जल्दी ही घोषणा की जाएगी। इनमें महिलाओं की शिकायत न सुनने वाले अधिकारी को दस दिन में निलंबित करने, पुलिस में एक चौथाई महिलाओं को भर्ती करने और हर पुलिस थाने में तीन–चार महिला पुलिस अधिकारियों को रखने, महिला जजों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को लेकर अलग से आयोग बनाने जैसे उपायों पर विचार हो रहा है। इस बाबत जल्द घोषणा की जाएगी। श्रीमती प्रियंका गांधी ने कहा कि राजनीति में जो हिंसा है उसे खत्म करने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा। महिलाओं में करुणा होती है। वे अपने बच्चों का ही नहीं, दूसरे के बच्चों का भी ख्याल रखती हैं। महिलाओं में करुणा और सबकी मदद का भाव सबसे ज्यादा होता है। राजनीति में जो हिंसा है उसे खत्म करने के लिए महिलाओं की बहुत जरूरत है उनमें करुणा होती है वह सिर्फ अपने बच्चों का ध्यान नहीं रखते वह दूसरे बच्चों का भी ध्यान रखती हैं यह करुणा का जो भाव है यह सब की मदद करने का भाव है यह महिलाओं में ज्यादा होता है। उनके आगे आने से राजनीति ही नहीं समाज भी बदलेगा। प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत ने बताया कि इस संवाद के दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्र मोना, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत समेत तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## थाना बरसठी जौनपुर पुलिस ने 02 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों / वारण्टियों के गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम थाना बरसठी जौनपुर मय हमराह द्वारा द्वारा 02 नफर अपचारी 1.आशीष कुमार पुत्र राधेश्याम मिश्रा 2.विपुल मिश्रा पुत्र सुशील मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा निवासीगण ग्राम कान्हपुर थाना बरसठी जौनपुर को ग्राम कान्हपुर से पुलिस हिरासत में लिया गया। नाम व पता अपचारीगण– 1. आशीष कुमार पुत्र राधेश्याम मिश्रा निवासी ग्राम कान्हपुर थाना बरसठी जौनपुर। 2. विपुल मिश्रा पुत्र सुशील मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा निवासी ग्राम कान्हपुर थाना बरसठी जौनपुर। गिरफ्तारी टीम –1. उ0नि0 धर्मदेव प्रसाद थाना बरसठी जौनपुर। 2. का0 सत्येन्द्र चौहान थाना बरसठी जौनपुर। 3. का0 शिवकुमार प्रजापति थाना बरसठी जौनपुर।

## दरगाह का फाटक खुलते ही जायरीनों ने टेका मत्था : 11 बजकर 11 मिनट पर खुला फाटक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दरबारे कादरिया गौसपीर दरगाह का फाटक मंगलवार की रात 11 बजकर 11 मिनट पर खुलते ही सालाना उर्स(मेला) शुरू हो गया। फाटक खुलने के बाद दूरदराज से पहुचे जायरीनों ने मस्जिद के भीतर मत्था टेका। यह उर्स प्रत्येक वर्ष रबी उस्मानी की ग्यारवें से शुरू होकर सत्रह दिनों तक चलता है। यहां जौनपुर के अलावा देश प्रदेश के विभिन्न प्रान्तों से हजारों जायरीन मत्था टेकने आते है। दरगाह समिति के मुतवल्ली मोहम्मद मंसूर शाह ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि 15 नवम्बर को 9 बजे सुबह कलश चढ़ा था। मंगलवार की रात्रि में फाटक खुलने का बाद उर्स शुरू हो गया। जो 23 नवंबर तक चलेगा। जनपद मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर गौसपुर गॉव स्थित गौसपीर दरगाह के विषय मे कहा जाता है कि इजरत शाह मोहम्मद उमर तथा इजारत शाह नगीना दोनों भाई लगभग आठ सौ वर्ष पूर्व इजारत के लिए बगदाद शरीफ गये थे। जहां से उन दोनों ने एक ईंट लाया था। गौसपुर में रात्रि विश्राम के समय स्वप्न में बरसात हुई कि ईंट को इसी जगह एक रौजा की तामीर करके नस्ब कर दिया जाय। ताकि इस जमीन पर भी बगदाद शरीफ की तरह गौसपाक फैज का चश्मा जारी रहे। यही पाक ईंट दरगाह की



गुम्बद के भीतर छोटे से कुब्बे में नस्ब है। इसी कुब्बे का फाटक रबी उस्मानी की ग्यारवें की रात जायरीनों को मत्था टेकने के लिए खोला जाता है।

## मोहम्मद हसन इण्टर कालेज जौनपुर में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

जौनपुर सू.वि. : जनपद के मोहम्मद हसन इण्टर कालेज जौनपुर में कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के मध्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता में बच्चों ने बढचढ कर हिस्सा लिया और अपने–अपने अंदाज में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में लेखन, क्विज एवं चित्रकला बनाने का कार्य किया। सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कार राशि 06 दिसम्बर 2021 से 11 दिसम्बर 2021 के बीच दिया जायेगा। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एस0पी0 सिटी डॉ0 संजय कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी विस्तार पूर्वक प्रदान की गयी एवं सभी से अपील किये कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन आवश्यक करे एवं सुरक्षित रहे। प्रतियोगिता में सी0ओ0 सिटी जितेन्द्र कुमार दुबे, टी0आई जी0डी0 शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अशोक कुमार श्रीवास्तव मौजूर रहे। मोहम्मद हसन इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य मो0 नासिर खां द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों, आगन्तुकों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन शहजाद आलम एवं अनवर अलवी द्वारा किया गया एवं डॉ0 शाहिद अलीम, सुशील सिंह, अनुपम सिंह, तनजीलुरहमान, मो0 अहमद, सै0 सलाहउद्दीन, मो0 जैस, धर्मेन्द्र यादव प्रदीप मिश्रा, सादात रूश्दी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में समस्त बच्चों एवं स्टाफ को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी लिफलेट, पम्पलेट एवं फोल्डर वितरित कराये गये। प्रतियोगिता का आयोजन परिवहन विभाग जौनपुर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में परिवहन विभाग के कर्मी एवं यातायात के समस्त कर्मी उपस्थित रहे।

## आगामी युवा सम्मेलन को लेकर युवा मोर्चा की बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की बैठक आज मंगलवार को डाक बंगला पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा दिव्यांशु सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा के जिला प्रभारी एवं जिला मंत्री अभय राय उपस्थित रहें। बैठक का मुख्य उदेश्य आने वाले विधानसभा चुनाव तथा आगामी पार्टी के कार्यो को लेकर की गई। आगामी युवा सम्मेलन को लेकर विचार विमर्श हुआ। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री विकास ओझा, ऋषिकेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अजय यादव, कार्यक्रम संयोजक सुलभ श्रीवास्तव, रूपेंद्र सोनकर, सचिन तिवारी, आशीष जायसवाल, जिला



मीडिया प्रभारी कपिल सिंह, विजय कश्यप सहित लोग उपस्थित थे।

## बिना विभाग की अनुमति के की दूसरी शादी : कोर्ट ने दखल देने से किया इनकार

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक पत्नी के जीवित रहते सरकारी कर्मचारी द्वारा नियम 29 के तहत सरकार की अनुमति लिए बगैर दूसरी शादी करने के आरोपी को दंडित करने के राज्य लोक सेवा अधिकरण के फैसले पर हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि अनुच्छेद 226 के अंतर्गत अंतर्निहित शक्तियों के प्रयोग की निश्चित सीमा है। साक्ष्यों व तथ्यों से याची के खिलाफ नियमावली का उल्लंघन करने व विभाग को गुमराह करने का आरोप साबित किया गया है। जिसके लिए वह दंड पाने का हकदार है। कोर्ट ने पेंशन जब्त करने के विभागीय आदेश व अधिकरण द्वारा केस खारिज करने के आदेश को उचित ठहराया है और याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी तथा न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने सहारनपुर के मनवीर सिंह की याचिका पर दिया है। याची के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक खरे का कहना था कि गलत बयानी का इतना कठोर दंड नहीं दिया जाना चाहिए। गलतफहमी के कारण याची ने शुरू में गलत तथ्य दिए किंतु बाद में सही तथ्य की जानकारी दी है। 5 सितंबर 70 को याची सहायक अभियोजक नियुक्त किया गया। पदोन्नति पाते हुए वरिष्ठ लोक अभियोजक पद से 31 दिसंबर 2004 को सेवानिवृत्त हो गया और इसके बाद 28 जून 05 को दंडित किया गया है। अधिकरण ने 2 सितंबर 21 को केस खारिज कर दिया। इससे पहले उसकी पहली पत्नी राजेंद्री देवी ने दो शिकायतें कीं। बाद में समझौते के कारण विभागीय कार्यवाही समाप्त कर दी गई। याची ने कहा कि उसे बच्चे नहीं हैं। 13 जुलाई 97 को अर्जी दी कि उसके दो बच्चे हैं और वह नसबंदी कराना चाहता है। जिसकी जांच बैठाई गई और याची को अपनी पत्नी को पेश करने को कहा गया। याची ने कहा कि राजेंद्री देवी व रजनी देवी एक ही हैं। दो औरतें नहीं हैं। किंतु उसने पत्नी को पेश नहीं किया तो जांच अधिकारी ने स्वयं जाकर राजेंद्री देवी का बयान लिया। राजेंद्री देवी ने बताया कि दोनों अलग हैं। बच्चे नहीं हुए तो दूसरी शादी की। राजेंद्री गाजियाबाद तो रजनी बुलंदशहर की है। फिर याची ने बयान बदला। कहा कि उसने दूसरी शादी नहीं की। वह वैध शादी नहीं है। इसलिए नियम 29 उसके मामले में लागू नहीं होता। अधिकरण ने कहा दूसरी पत्नी से दो बच्चे हैं। नगर निगम के दस्तावेज से स्पष्ट है कि याची व रजनी पति पत्नी हैं। ऐसे में बिना विभागीय अनुमति लिए दूसरी शादी की। विभाग को गुमराह किया। परिणाम भी भुगतना होगा। हाईकोर्ट ने भी हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है।

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम व पता फकीरचंद पुत्र श्री संसारीलाल ग्राम– नक्की, पोस्ट– परमानन्द, तहसील व जिला– पठानकोट, पंजाब पिन कोड – 143534 है और मेरा उपनाम टिंकू कुमार भी है, मैं उक्त नाम व पते का मूल निवासी हूं, जिसे अब अभिलेखों में सही कराना चाहता हूं। मुझे अब फकीरचंद के स्थान पर टिंकू कुमार पुत्र श्री संसारीलाल के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

निवेदक
–फकीरचंद उर्फ टिंकू पुत्र श्री संसारीलाल
ग्राम– नक्की, पोस्ट– परमानन्द, तहसील व
जिला– पठानकोट, पंजाब पिन कोड – 143534
मों0 नं0– 9975976729

## समाजसेवी दारोगा रणजीत यादव ने गरीब,असहाय,मलिन बस्ती बच्चों के लिये ''अपना स्कूल''शुरु कर किया सराहनीय कार्य

अयोध्या(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ।जनपद अयोध्या के कोतवाली अयोध्या में नियुक्त युवा समाजसेवी सब–इंस्पेक्टर रणजीत यादव ने खजला कुंड के पास जयसिंहपुर वार्ड के मलिन बस्ती के गरीब,असहाय और भिक्षावृति से जुड़े बच्चो के लिए अपना स्कूल खोल कर सराहनीय कार्य किया ।उन्होंने पढ़ाई का सामान लेकर मलिन बस्ती जयसिंहपुर वार्ड पहुँचे ।दारोगा रणजीत यादव ने सबसे पहले बस्ती के बाहर पेड़ के नीचे साफ–सफाई करवाया उसके बाद अपने साथ लाये तिरपाल को जमीन पर फैलाकर पेड़ की जड़ पर ब्लैकबोर्ड रखकर अगरबत्ती और मोमबत्ती जलाकर पूजन के साथ अपना स्कूल की शुरुआत किया ।उन्होंने बच्चों में कॉपी,पेन,पेंसिल,रबड़, कटर, स्लेट,चाक,टॉफी इत्यादि बाँटकर वर्णमाला के 'क' की शुरूआत किया ।इस बस्ती में घूम कर बच्चों के अभिभावकों को शिक्षा,स्वच्छता और नशामुक्ति के प्रति दरोगा रणजीत यादव ने जागरूक किया ।इस मौके पर उन्होंने उन्हें बताया कि शिक्षा में बहुत ही ताकत होती है और शिक्षा से आप सभी की जिंदगी को नई दिशा मिल सकती है। भिक्षावृति करने से अपने नौनिहालों को रोकें ।भिक्षावृति करने से जिंदगी ऐसी ही बनी रहेगी शिक्षा की तरफ अग्रसर बनें ।वही दरोगा रणजीत यादव के इस नेक कार्य में समाजसेवी अर्पित श्रीवास्तव,नीरज चौधरी तथा पत्रकार वासुदेव यादव ने सहयोग किया ।मालूम हो कि दरोगा रणजीत यादव अपनी ड्यूटी को वरीयता देते हुए कुछ समय निकालकर रक्तदान, पौधरोपण, यातयात, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूकता, गरीब असहायों की मदद करना जैसे समाजिक कार्य करते रहते हैं ।जिसके चलते दरोगा रणजीत यादव को उनके फेसबुक पेज,इंस्टाग्राम, यूट्यूब '' रंजीत सुपरकॉप'' त्ंदरममज ैनचमतबवच और ट्वीटर /आरसुपरकॉप /त्ेनचमतबवच भी फॉलो कर उनके सामाजिक कार्यो को देख सकते हैं ।आजमगढ़ के एक छोटे से गांव भदसार के निवासी रणजीत देश के जाने माने शीर्ष विश्विद्यालय बी0एच0यू0 से दर्शनशात्र विषय में स्नातकोत्तर हैं ।उन्होंने बताया कि ''हमे सदैव अपनी ड्यूटी और पारिवारिक कर्तव्यों को वरीयता देनी चाहिये ।इसके साथ ही साथ हमे सामाजिक कार्यो में भी हिस्सेदार बनना चाहिए ।इन कार्यो को करने के लिए समय की नही बल्कि सोच की जरूरत होती हैं ।आज के युवा वर्ग को सही दिशा देने की जरूरत है वरना वे इंटरनेट की दुनिया मे व्यर्थ का समय गवा रहे हैं। हमे



जरूरत है अपने बच्चों में स्वच्छता/पर्यावरण/मानवता/शिक्षा के प्रति जागरूकता का संस्कार पैदा करने की। रणजीत अपनी कविता और कहानियों का लेखन रणजीत यादव 'क्षितिज' नाम से करते हैं। सुरक्षा के साथ सेवा का जज्बा इन्हें बखूबी आता है ।सात बार रक्तदान/रक्षाबंधन और स्वतंत्रता–दिवस जैसे पर्वो पर पौधारोपण /गरीब,असहायो और दुर्घटना मे घायलो की मदद करने के साथ ही साथ नशामुक्ति शिक्षा,हेलमेट ,सीटबेल्ट और चिडियो के लिए दाना–पानी के प्रति लोगो को जागरूक करना/ कहानियो का प्रसारण कई बार लखनऊ व फैजाबाद आकाशवाणी रेडियो–स्टेशन से /पुलिस लाइन अयोध्या मे गणतंत्र दिवस परेड 2015, 2018,2019 व 2020 मे तथा दीपोत्सव और परिक्रमा मेला में उद्घोषक की भूमिका का निर्वहन कर चुके हैं। इनकी हॉबी– पेंटिंग/कहानी और कविता लेखन/तैराकी /गाना तथा तैराकी करना है। रणजीत यादव के कार्यो की सराहना डीजीपी उ0प्र0पुलिस की अधिकारिक बेबसाइट द्वारा कई बार हो चुकी है ।उन्हें नेशनल आईकानिक पर्सनैलिटी अवार्ड–2019 दिल्ली में/2 बार अयोध्या रत्न सम्मान/नंदीग्राम रत्न सम्मान/खाकी सम्मान बरेली में/उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर समाज रत्न सम्मान लखनऊ में/ तथा जनपद अयोध्या के निवर्तमान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कई बार सम्मानित किए जा चुके हैं।

## डीएम ने कृषको को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर रबी बीजों की उपलब्धता कराने हेतु बीज निरीक्षकों की लगाई तहसीलवार ड्यूटी

अयोध्या(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ।बीज विक्रेताओं के यहाँ छापाधि निरीक्षण हेतु गठित बीज निरीक्षकों की टीम द्वारा जनपद में बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर काला बाजारी एवं बीजों के अधिक मूल्य पर बिक्री किये जाने एवं संदिग्ध बीजों के नमूने ग्रहित किये जाने का निर्देश जिलाधिकारी नीतीश कुमार द्वारा दिया गया ।इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी बी0के0 सिंह ने बताया कि इन्हे सोहावल व रूदौली तहसील, उप कृषि निदेशक को सदर, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सदर को मिल्कीपुर, प्राविधिक सहायक ग्रुप'बी' को बीकापुर तहसील मे आकस्मिक छापा डालकर निरीक्षण हेतु जिलाधिकारी, अयोध्या द्वारा निर्देशित किया गया ।जनपद में 16 नवम्बर को आकस्मिक छापे में बीज के 38 बीज विक्री केन्द्रोध्प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया एवं 41 संदिग्ध नमूने ग्रहित किये गये, जिसका परीक्षण विभिन्न प्रयोगशालाओं में कराया जायेगा। परीक्षण परिणाम अमानक प्राप्त होने पर लाईसेन्स निरस्त करने के साथ ही विधिक कार्यवाही की जायेगी। छापे के दौरान दुकान बन्द कर भाग जाने वाले 3 बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का बीज लाइसेंस निलम्बित कर दिया गया है, जिसमें मै0 श्यामपती कृषि सेवा केन्द्र, टकसरा–दुकान खुली–विक्रेता गायब, मै0 किसान शक्ति बीज भण्डार, चौरेबाजार दूकान बिना किसी सूचना के बन्द–विक्रेता गायब व मै0 नेता जी बीज भण्डार, शाहगंज दुकान बिना किसी सूचना के बन्द–विक्रेता गायब मिले। वही निरीक्षण के समय विक्री केन्द्र पर पाई गई विभिन्न कमियों के कारण जारी कारण बताओं नोटिस जारी किया है ।जिसमें मै0 फैजाबाद सीड कम्पनी नियावॉरोड, (फैजाबाद) अयोध्या–निरीक्षण के समय मौके पर स्टाक रजिस्टर उपलब्ध नही था, मै0 गोपाल सीड सिण्डीकेट, रिकाबगंज, (फैजाबाद) अयोध्या–निरीक्षण के समय मौके पर रेटध्स्टाक बोर्ड नही लगा था व मै0 राज सीड्स (इण्डियॉ), चौक टाटशाह, (फैजाबाद) अयोध्या– निरीक्षण के समय मौके पर रेटध्स्टाक बोर्ड नही लगा था। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि जनपद में रबी अभियान 2021–22 के अन्तर्गत कृषकों गुणवत्तायुक्त बीजों की विक्री निर्धारित दर पर सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ–साथ जिला कृषि अधिकारी द्वारा बीज विक्री केन्द्रों का सत्त निरीक्षण किया जाये तथा निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी बीज विक्री केन्द्रों पर किसी प्रकार अनियमित्ता पाई जाती है, तो संबंधित विक्रेता के विरूद्ध बीज नियन्त्रण आदेश 1983 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

## अखिलेश को बड़ा झटका : सपा के चार एमएलसी ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

लखनऊ ब्यूरो : सपा के चार एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू, नरेन्द्र भाटी, सीपी चंद और रमा निरंजन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे। स्वतंत्रत देव सिंह ने कहा कि राज्य में सपा के वफादार सिपाही रहे नरेन्द्र भाटी के जुड़ने से भाजपा को ताकत मिलेगी और सपा का 100 प्रतिशत सफाया होगा। मौर्य बोले– आज अखिलेश यादव को नींद नहीं आएगी। रविशंकर सिंह के आने से सपा को बलिया में झटका लगेगा। सीपी चंद के आने से पार्टी का कद बढ़ेगा। रमा निरंजन के आने से बुंदेलखंड क्षेत्र में पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आज अखिलेश यादव को नींद नहीं आएगी। भाजपा में शामिल हुए सदस्य सपा से चुन–चुन कर लोगों को भाजपा से जोड़ने की चिंता करेंगे। अखिलेश जैसे कोरोना के समय आराम कर रहे थे, वैसे ही अभी भी आराम करें। जनता की सेवा करने आए हैं तो मेहनत करनी होगी। ज्वाइनिंग कमेटी ने दी थी 10 एमएलसी को शामिल करने की मंजूरी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक ज्वाइनिंग कमेटी के समक्ष सपा और बसपा के विधायक और एमएलसी सहित 100 बड़े नेताओं को भाजपा में शामिल कराने का प्रस्ताव रखा गया था। समिति ने सपा के विधान परिषद सदस्य रविशंकर सिंह पप्पू, सीपी चंद, अक्षय प्रसाद सिंह, रमा निरंजन व बसपा के ब्रजेश कुमार सिंह प्रिंसू



सहित 10 एमएलसी के भाजपा में शामिल करने की मंजूरी दी। भाजपा को मिलेगा फायदा, सपा को झटका। सपा छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले परिषद सदस्यों में अधिकांश सदस्य नगर निकाय क्षेत्र से एमएलसी हैं। भाजपा ने इन सदस्यों को विधान परिषद के आगामी नगर निकाय क्षेत्र चुनाव में उम्मीदवार बनाने की भी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। सपा के सदस्यों को भाजपा में शामिल कराने में उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और भाजपा के उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह की बड़ी भूमिका रही है। विधानसभा चुनाव से पहले इन सदस्यों के भाजपा में शामिल होने से सपा को बड़ा झटका लगेगा। वहीं, भाजपा को इन सदस्यों के प्रभाव वाले क्षेत्र में फायदा होगा। मौजूदा विधायकों को भी शामिल कराने की तैयारी। भाजपा ने सपा के कुछ मौजूदा विधायकों को भी भाजपा में शामिल कराने की तैयारी की है। इसी महीने में कुछ अन्य एमएलसी और विधायक भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

## प्रभाकर बने मुलायम यूथ ब्रिगेड के अयोध्या विधानसभा के उपाध्यक्ष : लोगों में खुशी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : समाजवादी पार्टी कार्यालय के लोहिया भवन में मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शोएब खान और संचालन जिला महासचिव संदीप यादव सनी ने किया। बैठक में वक्ताओं द्वारा सभी बूथों पर पदाधिकारियों को 21 नवंबर व 27 नवंबर को रहने की सलाह दी। और कटे हुए नामों को व छूटे हुए नामों को जुडवाने का काम तत्परता से करें। और भाजपा के द्वारा जन विरोधी नीतियों महंगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी से मुक्ति दिलाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से 2022 में सरकार को बदलने के लिए तैयार रहने तथा भाजपा के भ्रामक मुद्दों से सावधान रहने के लिए जोर दिया ।नव निर्वाचित राष्ट्रीय सचिव विजय बहादुर वर्मा जी का स्वागत किया गया। बैठक में वक्ताओं ने जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव पूर्व एमएलसी तिलकराम वर्मा पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी समिति इंद्रपाल यादव जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग त्रिभुवन दत्त प्रजापति उपाध्यक्ष राघवेंद्र , रवि अधिकारी, महमूद खान, कोषाध्यक्ष जुबेर खान, आशुतोष रावत, ध्रुव देव वर्मा, आशुतोष सिंह ,रवि आजाद, अखिलेश यादव, तनवीर अंसारी, उमाशंकर, अंगद यादव ,प्रेमकुमार, सतनारायण यादव, सुरेंद्र यादव, अरुण यादव, अनूप यादव, नवनिर्वाचित विधानसभा उपाध्यक्ष अकाश सिंह राणा ,नवनिर्वाचित अयोध्या विधानसभा उपाध्यक्ष प्रभाकर यादव आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पट्टा सुधा तालाब को पटवाने की महिला ने की शिकायत : ग्राम प्रधान जबरन अतिक्रमण कर बनावा रहा चकमार्ग

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : तहसील बीकापुर के ग्राम बैंती कला में महिला के पट्टा सुधा तालाब पर ग्राम प्रधान द्वारा उक्त तालाब पर दबंगई से पटवाकर उस पर चकमार्ग कराया जा रहा है। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत एसडीएम बीकापुर, डीएम व आईजीरएस पर भी की है। मंगलवार को एक बार फिर पीड़ित महिला ने डीएम अयोध्या से मिलकर मामले की शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित गीता देवी द्वारा की गई शिकायत में कहा है कि ग्राम बैतीकला में तालाब गाटा संख्या 535 में ग्राम प्रधान अनिल सिंह द्वारा तालाब पर अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुए समतलीकरण कर पाटा जा रहा है। जबकि तालाब गाटा से सटा गाटा संख्या 526 जोकि चकमार्ग है बगैर पैमाइश कराऐ तालाब में ही जबरदस्ती पाटकर चकमार्ग बना दिया जा रहा है। वहीं उक्त तालाब का शुल्क देकर राजस्व नियमानुसार सरकार ने ग्रामवासी गीता देवी को मत्स्य पालन हेतु 10 वर्ष के लिये पट्टा आवंटन करा रखा है। जिसमें वह मछलियों का पालन भी कर रही है। पीड़िता ने बताया कि दबंग ग्राम प्रधान अनिल सिंह के खिलाफ 3 नवंबर को मुख्यमंत्री जनसुनवाई आईजीआरएस डाला गया था। जिसपर बगैर पैमाइश किए तालाब को पाटने से मना किया गया था परंतु पुनः प्रधान अनिल सिंह द्वारा तालाब को पाटकर चकमार्ग निकाला जा रहा है। पीड़िता ने इसकी जानकारी एसडीएम बीकापुर को फोन पर देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं उक्त तालाब के समतलीकरण के संदर्भ में ग्राम प्रधान का कहना है कि हम ग्राम प्रधान है हम जो चाहे शो करें हम किसी से डरते नहीं हैं हम पैमाइश के चक्कर में नहीं पड़ते जिसको जो जहां जाना चाहे जाए। मंगलवार को डीएम ने पीड़िता को आश्वाशन देते हुए एसडीएम बीकापुर को उक्त प्रकरण की जांच कर न्याय पूर्ण कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। अब देखना यह है कि क्या गीता देवी को आवंटित तालाब का रकबा मिल पाता है या अनिल सिंह अपने अन्य साथियों को लाभ पहुंचाने हेतु उनके खेत में चकमार्ग न बनाकर तालाब को ही चकमार्ग बना दिया जाता है।

## एसएसएसवी इंटर कॉलेज पुरातन छात्र परिषद की बैठक संपन्न : पुरातन छात्र परिषद का वार्षिक समागम समारोह फरवरी 2022 में

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : जनपद ही नही उत्तर प्रदेश में अपने उत्कृष्ट शिक्षण के लिए विख्यात एसएसएसवी इंटर कॉलेज के पुरातन छात्र परिषद की कार्यकारिणी की बैठक आज विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। पुरातन छात्र परिषद प्रवक्ता दीप सहाय ने बताया कि परिषद संरक्षक डॉ वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी और डॉ मणिशंकर त्रिपाठी के दिशा निर्देश में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य श्री त्रिपाठी ने कार्यकारिणी को उचित व आवश्यक सुझाव दिए जिसके अंतर्गत समन्वय बनाकर विद्यालय के पुरातन छात्रों की वरिष्ठ पहली पीढ़ी से लेकर वर्तमान युवा पीढ़ी तक जोड़ने के लिए कार्य योजना बनाने पर बल दिया व कार्यक्रम को और भव्य बनाने के के लिए आवश्यक सभी कार्यों को करने के लिए अपनी सहमति प्रकट की। बैठक को संबोधित करते हुए पुरातन छात्र परिषद अध्यक्ष व समाजसेवी व्यापारी नेता जनार्दन पांडे बबलू पंडित ने कहा कि इस बार कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रभारी बैठक मे उपस्थित पुरातन छात्र एवं विद्यालय के शिक्षक अनिल मिश्रा को बनाया गया। परिषद सचिव रितेश जायसवाल व ललित रंजन भटनागर के द्वारा पुरातन छात्र समागम करवाने की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि इस बार समागम फरवरी 2022 में संध्याकाल मे आयोजित किया जाएगा। परिषद वरिष्ठ सदस्य विजय सिंह बंटी ने कहा कि इस बार विद्यालय के उत्कृष्ठ छात्रों को भी पुरातन छात्र परिषद सम्मानित करेगा जिससे कि परिषद की कार्यप्रणाली की गरिमा और बढ़ाई जा सके। परिषद कोषाध्यक्ष गिरीश चंद्र वैश्य ने परिषद कोष की विस्तृत जानकारी देते हुए वृहद सदस्यता अभियान चलाने पर बल दिया जिसके लिए सामाजिक प्लेटफार्म समेत विद्यालय की उच्च श्रेणी कक्षाओं में भी संपर्क किया जाएगा। उक्त सदस्यता अभियान के लिए जल्द गूगल फॉर्म लिंक प्रस्तुत किया जाएगा। वरिष्ठ सदस्य देवेश मिश्रा,राम लखन मौर्य,गिरीश चंद्र मौर्य ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। परिषद की वार्षिक पत्रिका 'अनुभूति' में प्रकाशन के लिए सभी से 15 दिसंबर तक रचनाएं/लेखा आमंत्रित किये गए हैं।

## आगामी 23 वे भरतकुंड महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : प्रेम मूर्ति त्यागमूर्ति महात्मा भरत की पावन तपोभूमि नंदीग्राम भरतकुंड पर आज आगामी 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 23 वें पांच दिवसीय भरतकुंड महोत्सव के आयोजन को लेकर श्री भरत हनुमान मिलन मंदिर नंदीग्राम पर बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से भरतकुंड महोत्सव की तारीख एवं कार्यक्रमों की घोषणा की गई इस बार भी यह महोत्सव पांच दिवसीय आयोजित होगा महोत्सव की शुरुआत 14 दिसंबर को भूमि पूजन के बाद म्यूरल पेंटिंग प्रतियोगिता से होगी 15 दिसंबर को सुबह 8:00 बजे भरतकुंड महोत्सव हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। औपचारिक उद्घाटन समारोह 16 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे 2100 मात्र शक्तियों द्वारा दुरदुरिया पूजन से प्रारंभ होगा। 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक प्रत्येक दिन भरतलीला, राम लीला तथा रासलीला के कार्यक्रमों के साथ–साथ राष्ट्रीय स्तर का दंगल सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम फरवाही नृत्य ,भजन संध्या हास्य संध्या कवि सम्मेलन एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आज की बैठक में न्यास के अध्यक्ष :–अंजनी कुमार पांडे ,संत परमात्मा दास अनुपम पांडेय, अमरीश पांडेय ओमप्रकाश सिंह सतीश पांडेय, बृजेंद्र कुमार दुबे रमाकांत दुबे एसबी सागर प्रजापति शत्रुघ्न लाल रमाकांत पांडे राम अजोर वर्मा अनिल पांडे शैलेंद्र 72 पांडे शिवम सचिन तिवारी अमित सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

## गांवों के विकास के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार कटिबद्ध : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 27 सड़के हुई स्वीकृत

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : सांसद लल्लू सिंह के प्रयासों की बदौलत लोकसभा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 27 सड़के स्वीकृत हुई है। इन सड़को की कुल लम्बाई 189.845 किमी व लागत 133 करोड़ 32 लाख 65 हजार है। जिसमें ट्रेंडर प्रक्रिया चल रही है। अगले महीने से इनमें निर्माण कार्य भी प्रारम्भ हो जायेगा। वहीं इस योजना के तहत अभी 153 किमी की 17 सड़को की स्वीकृति हेतु प्रस्तावित है। जिनमें जल्द स्वीकृति मिल जायेगी। उन्होने बताया कि गांवों के विकास के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। बेहतर सड़के किसी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती है। गांवों को मुख्य मार्गो तक बेहतर सड़के प्रदान की जा रही है। इससे रोजगार सृजन की सम्भावनाओं को भी सम्बल मिलता है। किसानों व मजदूरों का उत्थान सरकार की प्राथमिकताओं में है। इसके लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की गयी है। सड़को में विल्लाहरघाट से फतेहपुर मुमताजाबाद, आचारी सगरा से फिरोजपुर, एनएच 27 रायपुर से मानापुर मोकलपुर होते हुए फैजाबाद रायबरेली रोड़ तक, मुबारकगंज से रामशरनदासपुर नाला तक, सोहावल नहर पुल से ड्योढ़ी होते हुए पूरे लोध तक, अस्तीकन से मवई कला होते हुए 5 नम्बर टेलीफोन एक्सचेंज तक, अमरगंज से नागीपुर तक, गुदरही बाजार से संतनगर चौराहा तक, उधरनपुर तिराहा से पूरे भदरी होते हुए इटौजा तक, बीकापुर इनायतनगर रोड से कोछा बाजार तक , तोरोमाफी दराबगंज से रामपुर भगन, जलालपुर से काजी सराय तक, फैजाबाद इलाहाबाद रोड से बोधरी तक, अयोध्या प्रयागराज से महावा होते हुए गोपालपुर तक, फैजाबाद इलाहाबाद रोड रामनगर चौराहे से मउ तक, सिधौरा से देविगिरी होते हुए धारमगंज तक, टी–01 से हरिनाथपुर तक, टी–04 से नहली का पुरवा होते हुए बसवार खुर्द तक, धरमगंज से जगन का पुरवा होते हुए शाहगंज इसौली मार्ग तक, फैजाबाद इलाहाबाद रोड पर 20 किमी से इनायतनगर तक, चिखड़ी से घाटमपुर होते हुए फैजाबाद रायबरेली मार्ग तक, रुदौली से सिधारपुर तक, एनएच–27 से भिटौरा तक, शुजागंज से कैथी तक, इब्राहिमावाद से जेठबनी तक, दरियाबाद वदोसराय रोड से अकोहरा तक, लोधपुरवा से अकबरपुर तक की सड़के शामिल है।

## महंगाई के विरोध मे कांग्रेसियों ने निकाली प्रतिज्ञा यात्रा

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)प्रदेश में बढ़ती बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेसियों ने मंगलवार को प्रदेश सचिव सुनील पाठक के नेतृत्व में विद्या कुंड से प्रतिज्ञा यात्रा शुरू की ।जिसमे उनके नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने यह प्रतिज्ञा यात्रा शहर के सीता कुंड और दंत धवन कुंड से होते हुए




रायगंज वार्ड के जैन मंदिर चौराहे तक यात्रा निकाला ।इस रास्ते में कांग्रेसियों ने स्थानीय निवासियों को कांग्रेस की प्रतिज्ञाओं के बारे में बताया ।इस मौके पर प्रदेश सचिव सुनील पाठक ने लोंगो को संबोधित करते हुए कहा कि जहाँ एक ओर वर्तमान समय में पूरे प्रदेश में महंगाई ने जनता के मुंह का निवाला छीन लिया है ।वहीं इसी कडीध में किसान, नौजवान, महिलाएं और समाज का सभी वर्ग इस समस्या से त्रस्त है और कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस समय की सरकार से आम जनता पूरी तरह से परेशान है ।जिसे जनता प्रदेश में होने वाले चुनाव में मुँहतोड़ जबाव देगी।

## बीडीसी सदस्यों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप मांगी ये सुविधाएं

अयोध्या(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ।जिले में प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के बैनर तले बीडीसी सदस्यों ने विकास निधि और मानव अधिकारों के संबंध में जिलाधिकारी अयोध्या नीतीश कुमार



को ज्ञापन सौंपाध ।इस मौके पर ज्ञापन सौप रहे बीडीसी सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से 10 लाख विकास निधि प्रतिवर्ष क्षेत्र के विकास के लिए मांग की ।वही इस मौके पर उन्होंने 5 हजार मानदेय, 1500 रुपये मीटिंग होने पर मिलना चाहिए ।इसके साथ ही साथ उनके परिवार की सुरक्षा के लिये लाइसेंस की प्राथमिकता दी जाये ।वही कही भी आने जाने में दुर्घटना होने पर 10 लाख का जीवन बीमा मिलना चाहिये ।इसके अलावा पेंशन की व्यवस्था होनी चाहिए ।प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ ने मांग पूरी नहीं न होने पर आने वाले चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी ।इस मौके पर जिला अध्यक्ष शुभेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अंगद सिंह एवं क्षेत्र पंचायत के सदस्य मौजूद थे।

## पदयात्रा कर ग्रामीण सफाई कर्मियों ने मांगी पदोन्नतिःडीएम को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ।जनपद के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले पदयात्रा निकाल मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी नीतीश कुमार



को सौंपा ।इस मौके पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कर्मचारियों ने मांग की है कि प्रदेश सरकार के अधीन कार्यरत 1.8 लाख ग्रामीण सफाईकर्मियों की समस्याएं वर्षों से लंबित है, जबकि कई बार प्रांतीय व जनपद स्तर पर पत्र के माध्यम से निराकरण करने आश्वासन दिया जाता रहा है ।सूत्र के मुताबिक ज्ञापन देने वाले कर्मचारी संघ का कहना है अन्य विभागों के कर्मचारियों को हर प्रकार का लाभ मिल रहा है ।किंतु पंचायती राज विभाग के अधीन ग्रामीण सफाई कर्मचारी आज भी अपने अधिकारों व लाभों से वंचित हैं। सफाईकर्मी संघ ने प्रदेश सरकार से उनकी पांच सूत्रीय मांगों को संज्ञान में लेकर जल्द समाधान करने को कहा है ।मुख्य मांग में सफाई कर्मचारी विभागीय सेवा नियमावली बनाई जाए ।सफाई कर्मचारियों को पदोन्नति की जाए। सफाई कर्मचारियों का पद नाम पंचायत सेवक किया जाए। सफाई कर्मचारी को प्रधानों के नियंत्रण से मुक्त किया जाए और पुरानी पेंशन बहाल किया जाना शामिल है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।